सतना
12 मार्च 2025 बुधवार

दैनिक मीडियाऑडीटर

दैनिक मीडिया ऑडीटर

सतना, रीवा से एक साथ प्रकाशित



आईपीएल नहीं ... @ पेज 7

## संक्षिप्त समाचार

### फेयरवेल स्पीच के बाद कुर्सी उठाकर चल दिए जस्टिन ट्रूडो

**कनाडा (एजेंसी)।** कनाडा की सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी ने 'बैंक ऑफ कनाडा' के पूर्व प्रमुख मार्क कार्नी को अपना नेता चुना है और अब वह देश के नए प्रधानमंत्री होंगे। कार्नी (59) जस्टिन ट्रूडो का स्थान लेंगे जिन्होंने जनवरी में पद से इस्तीफा देने की घोषणा की थी। मार्क कार्नी की ताजपोशी से पहले लिबरल पार्टी का एक कन्वेंशन हुआ जिसमें जस्टिन ट्रूडो को आधिकारिक तौर पर विदाई दी गई। कन्वेंशन में ट्रूडो ने कुछ ऐसा किया जिसकी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही



है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही तस्वीर में जस्टिन ट्रूडो को कुर्सी पकड़कर जाते देखा जा सकता है। इस दौरान वह कैमरे को देखकर उत्साहित भी नजर आ रहे हैं। उनके हाथ में हाउस ऑफ कॉमन्स की उनकी कुर्सी है जिसे उठाकर वो मुस्कुराते हुए नजर आ रहे हैं। जस्टिन ट्रूडो ने सोमवार को हुए कन्वेंशन में कनाडा के नए प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात भी की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कनाडा की सत्ता का जल्द ही औपचारिक हस्तांतरण किया जाएगा। जस्टिन ट्रूडो ने कन्वेंशन में लिबरल पार्टी की उपलब्धियों के बारे में भी बताया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा, ÷पिछले 10 सालों में हमने मध्यम वर्ग और उसमें शामिल कड़ी मेहनत करने वाले लोगों के लिए जो कुछ भी किया, मुझे उस पर गर्व है।

### जाफर एक्सप्रेस पर हमला कर ट्रेन को किया हाईजैक

**पाकिस्तान (एजेंसी)।** पाकिस्तान में उग्रवादियों ने यात्री ट्रेन जाफर एक्सप्रेस पर हमला किया और ट्रेन को हाईजैक कर लिया। आतंकियों के हमले में छह पाकिस्तानी सैनिकों के भी मारे जाने की खबर है और ट्रेन का ड्राइवर घायल हो गया है। डॉन न्यूज



ने सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद के हवाले से बताया कि ट्रेन पर हमला बोलन जिले में क्वेटा से पेशावर जा रही जाफर एक्सप्रेस पर हुआ है। रेलवे नियंत्रक मुहम्मद काशिफ ने कहा कि नौ डिब्बों वाली इस ट्रेन जाफर एक्सप्रेस में करीब 500 यात्री सवार थे। ट्रेन में सवार सुरक्षा गार्डों ने जवाबी गोलीबारी की।पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत की सरकार ने मंगलवार को स्थानीय अधिकारियों को आपातकालीन उपाय करने के निर्देश दिए हैं। हथियारबंद बलोच लिबरेशन आर्मी के आतंकियों ने जाफर एक्सप्रेस ?ट्रेन को सुरंग संख्या 8 में रोक लिया है। यात्रियों और कर्मचारियों से संपर्क करने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रांतीय सरकार के एक बयान में कहा गया है कि सिबी अस्पताल में इमर्जेंसी घोषित की गई है और एंबुलेंस तथा सुरक्षा बल घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। रिंद ने कहा कि चट्टानी इलाका होने के कारण अधिकारियों को घटनास्थल पर पहुंचने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बयान में आगे कहा गया है कि रेलवे विभाग ने बचाव कार्य के लिए घटनास्थल पर और ट्रेनें भेजी हैं। घटना के पैमाने और आतंकवादी तत्वों की संभावना का पता लगाया जा रहा है।

## होली और जुमा एक ही दिन पड़ने पर बोले टीएमसी सांसद शत्रुघ्न सिन्हा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इस बार होली का त्योहार शुक्रवार के दिन पड़ रहा है। रमजान के महीने में शुक्रवार यानी जुमा को बड़ी संख्या में मुस्लिम लोग मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए बाहर निकलते हैं। ऐसे में होली के दिन प्रशासन को आपसी सौहार्द बिगड़ने की आशंका है।



होली का त्योहार और जुमा एक ही दिन पड़ने पर टीएमसी सांसद एवं एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा की प्रतिक्रिया सामने आई है। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा, हमारा संविधान हमें सिखाता है कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है। यहां सभी समान हैं। अल्पसंख्यक भी हमारे अपने हैं। इस देश से जुड़े सभी लोग हमारे भाई-बहन हैं। उनकी सुरक्षा करना हमारी जिम्मेदारी है।

होली के दिन आपसी सौहार्द बिगड़ने की आशंका पर टीएमसी सांसद ने कहा, ये सारे मुद्दे गरीबी जैसे मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए उठाए जा रहे हैं। सरकारें अपने वादे पूरे नहीं कर पा रही है। इन बातों से ध्यान भटकाने के लिए ही ऐसी आशंका जताई जा रही है।

होली का त्योहार भारत में मनाया जाने वाला एक प्रमुख हिंदू उत्सव है, जो वसंत ऋतु में फाल्गुन मास की पूर्णिमा को आयोजित होता है। यह रंगों, खुशी और एकता का प्रतीक है। इस बार होली 14 मार्च (शुक्रवार) को खेली जाएगी। इस दिन लोग एक-दूसरे पर रंग और गुलाल लगाते हैं। पानी से भी रंग खेलते हैं। एक-दूसरे के घरों में जाकर मिठाइयां खाते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा-

## 10,500 से ज्यादा उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा आयोजित पूर्वोत्तर छात्र एवं युवा संसद को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तमाम मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सिर्फ 10 वर्षों में पूर्वोत्तर आज पूर्ण शांति का अनुभव कर रहा है, सिवाय मणिपुर में हुई हिंसा के।उन्होंने कहा, 2004 से 2014 तक हिंसा की कुल 11,000 घटनाएं हुईं और 2014 से 2024 तक 3,428 घटनाएं हुईं, यानी 70 प्रतिशत की कमी आई है। सुरक्षा बलों की मौतों की संख्या में भी 70 प्रतिशत की कमी आई है। पिछले 10 वर्षों में नागरिकों की मौतों की संख्या में 89 प्रतिशत की कमी आई है।

उन्होंने कहा, हमारा पूर्वोत्तर आज शांति का अनुभव कर रहा है। चाहें वह मेघालय हो, अरुणाचल हो, असम हो, नागालैंड हो या मिजोरम हो, हमने सभी सशस्त्र समूहों के साथ समझौते किए हैं और 10,500 से अधिक उग्रवादी हथियार डालकर मुख्यधारा में शामिल हुए हैं। हमारी सरकार ने 10 वर्षों में 12 महत्वपूर्ण समझौते किए हैं।

उन्होंने कहा, भाजपा सरकार की सबसे बड़ी



उपलब्धि यह है कि उसने पूर्वोत्तर और शेष भारत के बीच की दूरी को कम कर दिया है। 2027 तक पूर्वोत्तर की हर राजधानी ट्रेन, विमान और सड़क मार्ग से जुड़ जाएगी।

उन्होंने कहा, जिस राज्य में शांति नहीं है, वहां विकास नहीं हो सकता और नरेंद्र मोदी की सरकार ने नॉर्थ ईस्ट में शांति लाने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्थ ईस्ट के विकास के लिए बहुत बड़ा बजट दिया है। दस साल में प्रधानमंत्री ने नॉर्थ ईस्ट को अपना मानते हुए इसके विकास का इतना ध्यान रखा है कि उन्होंने तय किया है कि हर महीने कोई न कोई मंत्री नॉर्थ ईस्ट के किसी न किसी राज्य में रात्रि विश्राम करेगा। मैं आपको बताना चाहता हूं कि आजादी के बाद से अब तक सभी प्रधानमंत्रियों की नॉर्थ ईस्ट की यात्राओं की कुल संख्या असम को छोड़कर 21 है और अकेले नरेंद्र मोदी की नॉर्थ ईस्ट की यात्राओं की संख्या 78 है, जो दर्शाता है कि नॉर्थ ईस्ट को कितना महत्व दिया गया है।

## लखनऊ में होली को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी दुरुस्त

**लखनऊ (एजेंसी)।** लखनऊ में होली को लेकर पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था रहेगी दुरुस्त, मुस्लिमों से की गई ये अपील



होली त्योहार को लेकर उत्तर प्रदेश पुलिस कड़ी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलर्ट है। 13 मार्च को होलिका दहन है, वहीं, 14 मार्च को होली मनाई जाएगी। इस बार यह होली जुमे के नमाज के दिन पड़ रही है। ऐसे में प्रशासन किसी प्रकार का दंगा या लड़ाई न हो इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने में लगी हुई है। होली और जुमे के नमाज को लेकर ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर अमित वर्मा ने बयान जारी किया है। ज्वाइंट पुलिस कमिश्नर लॉ एंड ऑर्डर अमित वर्मा ने बयान में कहा कि होली का पर्व शुरू हो चुका है और इसकी तैयारी पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है जो विशिष्ट आबादी वाले क्षेत्र है वहां ध्यान दिया जा रहा है क्योंकि इस बार जुमे का दिन भी उसी दिन (होली के दिन) पड़ रहा है। ऐसे में सभी से अपील करके वक्त में बदलाव किया है। सामान्यत- होली 12.30 से 1.00 बजे तक खत्म हो जाएगी उसके बाद जो मुस्लिम समुदाय के लोग हैं उनको कहा गया है कि नमाज के टाइम आगे बढ़ाया लिया जाए जिससे कोई विवाद न हो।

## अरविंद केजरीवाल को बड़ा झटका, नई एफआईआर दर्ज करने का आदेश

राऊज एवेन्यु कोर्ट ने नई एफआईआर दर्ज करने की मांग को किया स्वीकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली का चुनाव हारने के बाद अब अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। दिल्ली के राऊज एवेन्यु कोर्ट से केजरीवाल को बड़ा झटका लगा है। राऊज एवेन्यु कोर्ट ने केजरीवाल के खिलाफ नई एफआईआर दर्ज करने की मांग को स्वीकार कर लिया है। कोर्ट में 2019 में दायर शिकायत में आरोप लगाया गया था कि केजरीवाल, पूर्व आप विधायक गुलाब सिंह और द्वारका की पार्षद रही नितिका शर्मा ने दिल्ली में विभिन्न जगहों पर बड़े आकार के होर्डिंग लगाकर जान बूझकर सार्वजनिक धन का दुरुपयोग किया। शिकायत में इन सब के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।

मामले की सुनवाई अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा मित्तल ने की और आज कोर्ट ने इस शिकायत को स्वीकार करते हुए पुलिस को 18 मार्च तक आदेश पर अमल को लेकर रिपोर्ट देने को कहा है।बता दें कि अदालत का यह आदेश राष्ट्रीय राजधानी में 10 साल से अधिक समय तक शासन करने के बाद अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को भारतीय जनता पार्टी द्वारा सत्ता से बेदखल किये जाने के कुछ सप्ताह बाद आया है, जिससे केजरीवाल की परेशानी एक बार फिर से बढ़ सकती



है। पिछले सप्ताह दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आप सरकार द्वारा संचालित मोहल्ला क्लीनिक में बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन तथा पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर मुफ्त स्वास्थ्य सेवा के नाम पर भ्रष्टाचार की दुकानें चलाने का आरोप लगाया था। सचदेवा की यह प्रतिक्रिया आप के वरिष्ठ नेता जैन द्वारा एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिल्ली में भाजपा सरकार द्वारा 250 मोहल्ला क्लीनिक बंद करने की कथित योजना की कड़ी आलोचना करने के बाद आई है। उन्होंने इसे शहर के स्वास्थ्य सेवा ढांचे को पंगु करने वाला कदम बताया था।

## रात 10 बजे से 6 बजे तक बंद रहना चाहिए

महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर सामने आया सीएम फडणवीस का बयान

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में सीएम देवेंद्र फडणवीस ने लाउडस्पीकर की वजह से होने वाले ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई की मांग के सवाल पर जवाब देते हुए कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने जो आदेश दिया है, उसके मुताबिक रात 10 से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर बंद रहने चाहिए। सीएम फडणवीस ने विधानसभा में प्रार्थना स्थल पर और विशेष रूप से मस्जिद पर लाउडस्पीकर की वजह से होनेवाले ध्वनि प्रदूषण को लेकर ये बात कही। सीएम ने कहा कि दिन में 55 डेसिबल तक ही लाउडस्पीकर की मर्यादा होनी चहिए और रात में 45 डेसिबल होनी चाहिए। किसी भी प्रार्थना स्थल पर अगर निर्धारित डेसिबल से ज्यादा लाउडस्पीकर बज रहा होगा तो महराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण महामंडल कार्रवाई कर सकता है। भविष्य में किसी को भी सामान्य रूप से लाउडस्पीकर की अनुमति नहीं दी जाएगी। 55 और 45 डेसिबल का उल्लघंन करने वाले प्रार्थना स्थल को अनुमति नहीं दी जाएगी। स्थानीय पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक (पुलिस इंस्पेक्टर) की अब से जिम्मेदारी होगी कि वह



डेसिबल का नियम तोड़ने वाले प्रार्थना स्थलों पर नजर रखे और नियम के मुताबिक कार्रवाई करे। खुद प्रार्थना स्थल में जाकर उसे चेक करना होगा कि आवाज के नियमों का पालन हो रहा है या नहीं। केंद्रीय कानून के मुताबिक ध्वनि प्रदूषण पर कार्रवाई करने का अधिकार एमपीसीबी के पास है। केंद्र सरकार को राज्य सरकार की ओर से विनती की जाएगी कि ध्वनि प्रदूषण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने के अधिकार के नियम में बदलाव किया जाए। बता दें कि महाराष्ट्र में मस्जिद में लाउडस्पीकर लगाने को लेकर खूब राजनीति हुई थी और यही वजह है कि जैसे ही लाउडस्पीकर का मुद्दा उठता है, वैसे ही सियासी गलियारों में हलचल भी तेज हो जाती है। इस मुद्दे पर बयानबाजी भी खूब होती है और पक्ष और विपक्ष के लोग खुलकर बयान देते हैं।

## अब घुसपैठियों की खैर नहीं, खत्म होने जा रहे पुराने कानून

नए बिल में क्या-क्या है प्रावधान?

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आजकल देश में नए इमीग्रेशन बिल को लेकर चर्चा जोरों पर है। इस बिल का नाम इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 है, इसके लागू होने के बाद भारत में रह रहे अवैध विदेशी नागरिकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सकेगी। इस बिल के कानून बनने के बाद इमिग्रेशन और विदेशी नागरिकों से जुड़े 4 पुराने कानूनों को भी खत्म किया जाएगा। जिससे अवैध घुसपैठियों से देश का पीछा छूटेगा। इमिग्रेशन एंड फॉरेन बिल 2025 के कानून बनने के बाद सरकार 4 कानून खत्म हो जाएंगे। जिनमें फॉरेनर्स एक्ट 1946, पासपोर्ट एक्ट 1920, रजिस्ट्रेशन ऑफ फॉरेनर्स एक्ट 1939 और इमिग्रेशन एक्ट 2000 शामिल हैं। सरकार नए कानून बनते ही इन चारों को खत्म कर देगी।इस नए बिल में यह प्रस्ताव रखा गया है कि देश की सुरक्षा और संप्रभुता को प्राथमिकता देते हुए अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के एंट्री और




निवास कड़े नियमों के दायरे में रहेंगे। इसमें प्रावधान है कि अगर किसी व्यक्ति की मौजूदगी देश की सुरक्षा के लिए खतरा है या फिर वह देश में फर्जी डाक्यूमेंट के आधार पर रह रहा है या देश में अवैध रूप से नागरिकता हासिल करता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा, अगर किसी विदेश के आने से भारत के किसी अन्य देश के साथ संबंध प्रभावित होने की संभावना है तो उसे देश में घुसने से रोका जा सकता है। इस बिल में प्रस्ताव रखा गया है कि इमिग्रेशन अधिकारी के फैसले को अंतिम माना जाएगा।बिल में यह भी है कि अगर कोई व्यक्ति बिना वैलिड पासपोर्ट के या यात्रा दस्तावेज के देश में आता है तो उसे पांच साल की कैद या 5 लाख रुपये तक का जुर्माना या दोनों की सजा हो सकती है। वहीं, अगर कोई जाली डाक्यूमेंट का इस्तेमाल कर या धोखाधड़ी से पासपोर्ट हासिल करता है तो उसे 2 साल से लेकर 7 साल तक की कैद हो सकती है। साथ ही ऐसे मामलों में कम से कम 1 लाख से लेकर 10 लाख तक का जुर्माना भी लगाया जा सकता है। जानकारी दे दें कि पहले भी सरकार को विदेशी नागरिकों को देश में आने से रोकने का अधिकार था, लेकिन किसी कानून में इस प्रावधान का साफ-साफ जिक्र नहीं था, जो कभी-कभी समस्या पैदा करती थी।

## महाराष्ट्र में अब 'हलाल' और 'झटका' मटन पर सियासत

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में अब झटका मटन बेचने वाली दुकानों का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और इन दुकानों का सर्टिफिकेशन सिर्फ हिंदुओं को दिया जाएगा। सोमवार को राज्य के मंत्री नितेश राणे ने मल्हार सर्टिफिकेशन की शुरुआत का ऐलान किया। नितेश राणे के ऐलान के बाद अब महाराष्ट्र में मटन पर भी सियासत तेज हो गई है।



इस मुद्दे पर मुस्लिम विधायकों ने एकजुटता दिखाते हुए नितेश राणे के ऐलान पर तंज कसा है। महाराष्ट्र विधानसभा में कांग्रेस के उपनेता अमीन पटेल ने कहा है कि वह झटका मटन नहीं बल्कि हलाल मटन ही खाएंगे क्योंकि यह सबसे 'हाइजीनिक' मटन होता है। कांग्रेस नेता अमीन पटेल ने कहा, 'मैं हलाल मटन ही खाना पसंद करता हूं, और यही खाऊंगा। झटका मटन में दिक्कत है क्योंकि इसमें थोड़ा खून रह जाता है। अहम बात ये है कि फूड हाइजीनिक होना चाहिए। हलाल मटन पूरी दुनिया में सबसे हाइजीनिक माना गया है। यूरोप और अमेरिका में हलाल मटन की बहुत मांग है। हलाल मटन पर हिंदू-मुसलमान न करें।' अपने बयान में अमीन पटेल ने नितेश राणे पर तंज कसते हुए कहा कि कल नितेश राणे मटन खा रह थे, उनसे असेंबली में पूछूंगा कि उन्होंने कौन सा मटन खाया है।

## 'हम सब भारत मां के लाल, भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं'



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा में मंगलवार को तमिलनाडु के एक सांसद ने केंद्रीय कृषि मंत्रालय से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को लेकर सवाल किया था। इस प्रश्न के

### ● हाथ जोड़ डीएमके सांसद से बोले शिवराज सिंह चौहान

जवाब में कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मैं तमिलनाडु सरकार से आग्रह करता हूं कि अगर कोई पात्र हितग्राही पीएम किसान सम्मान निधि योजना से वंचित है तो उनकी सूची पोर्टल पर अपडेट करें। उनके नाम निश्चित रूप से जोड़े जायेंगे। तमिलनाडु में ऐसे लगभग 14 हजार किसान हैं; राज्य सरकार छानबीन कर सूची भेजे, मैं आश्वस्त करता हूं कि यहां से 1 दिन की भी देरी नहीं होगी। बता दें कि डीएमके सांसदों ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार तमिलनाडु के किसानों के साथ अन्याय कर रही है और भुगतान में देरी हो रही है। वहीं, कृषि मंत्री ने साफ किया कि देरी राज्य सरकार की तरफ से हो रही है क्योंकि 14,000 किसानों की जांच अभी तक पूरी नहीं हुई है।

केंद्रीय मंत्री ने हाथ जोड़ते हुए कहा, ÷मैं खुद दो बार तमिलनाडु गया हूं, एक बार कृषि विभाग के काम से और एक बार ग्रामीण विकास के काम से। अब मैं कोई आरोप नहीं लगा रहा हूं लेकिन दोनों ही मौकों पर न तो ग्रामीण विकास मंत्री और न ही कृषि मंत्री मेरी मीटिंग में आए। मैं अनुरोध करना चाहता हूं कि केंद्र सरकार लाभ देने के लिए प्रतिबद्ध है। हम तमिलनाडु की महान जनता को नमन करते हैं, तमिल संस्कृति को नमन करते हैं, तमिल भाषा को नमन करते हैं, हम सब भारत माता के बेटे हैं, भेदभाव का कोई सवाल ही नहीं है। हम विनम्रता के साथ तमिलनाडु की जनता और किसानों की सेवा करेंगे।÷

उन्होंने कहा, प्रत्येक पात्र किसान को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ मिले, इसके लिए हमने कई उपाय किए हैं। हमने पीएम किसान पोर्टल और मोबाइल एप विकसित किया है। साथ ही पात्र किसानों को जोड़ने के लिए 3 अभियान भी चलाए हैं। चौथा अभियान हम 15 अप्रैल से पुनः प्रारंभ करेंगे ताकि कोई पात्र किसान शेष न रहे।

शिवराज ने कहा, कई बार जब छोटे किसान को अपनी कृषि संबंधी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए धन की आवश्यकता पड़ती थी, तो उनके पास पैसा नहीं होता था। खाद, बीज के लिए हजार-दो हजार रुपये भी ब्याज पर लेना पड़ता था। आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छोटे किसान के इस दर्द को पहचाना और उन्होंने तय किया कि ऐसे सभी किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि के अंतर्गत हर साल तीन किस्तों में दो-दो हजार रुपए डाले जाएंगे।

# अलीराजपुर के लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्म-विश्वास को देखकर मन गदगद है-मंत्री विजयवर्गीय

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा है कि अलीराजपुर आकर भगोरिया महोत्सव में शामिल होकर में गर्व का अनुभव कर रहा हूँ। भगोरिया महोत्सव में उन्होंने कहा कि लोगों के चेहरे का निखार उनके आत्मविश्वास को देखकर मन गदगद है। अलीराजपुर ने पिछले 20 वर्षों में तरक्की की नई ऊँचाईयों को छूआ है। आज लोगों के पक्के मकान है, घर-घर तक जल पहुंच रहा है, आज जिले के किसान साल में 3-3 फसलें लें रहे है, ये स्थिति पिछले 20 वर्षों में बदली है। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने आज यह बात आज भगोरिया महोत्सव में शामिल होने के बाद कहीं। मंत्री श्री विजयवर्गीय ने कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों को धरातल तक लाने के लिए मंत्री श्री नागर सिंह चौहान ने मेहनत की है। उन्होंने बताया कि वे पिछले 40 वर्षों से अलीराजपुर आ रहे है। राज्य सरकार के प्रयासों से पलायन पहले की तुलना में कम हुआ है, सम्पन्नता बढ़ी है और जनजातीय अंचल के नागरिकों के अंदर आत्म-विश्वास का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के भगवान बिरसा मुंडा के योगदान एवं कार्यों को विश्व स्तर तक पहुंचाने का कार्य प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लगातार किया जा रहा है। भगोरिया महापर्व उल्लास के साथ मनाया जाता रहे इसके लिए राज्य सरकार प्रयास कर रही है। भगोरिया महापर्व में मंत्री श्री विजयवर्गीय एवं राज्य मंत्री श्री गौतम टेटवाल का स्वागत जनजातीय संस्कृति को परिलक्षित करती हुई जैकेट और साफा पहनाकर मंत्री श्री नागर सिंह चौहान एवं सांसद श्रीमती अनिता नागर सिंह चौहान द्वारा किया गया।



## ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक का उपयोग कम करें

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना ने कहा है कि किसान ग्रीष्मकालीन मूंग में कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवाईयों का उपयोग कम करें। प्रदेश में लगभग 14.39 लाख हेक्टेयर में तीसरी फसल के रूप में ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल ली जा रही है, जिसका उत्पादन 20.29 लाख मेट्रिक टन एवं औसत उत्पादकता 1410 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर है। ग्रीष्मकलीन मूंग की खेती मुख्यत- नर्मदापुरम, जबलपुर एवं भोपाल संभाग में की जाती है। ग्रीष्मकालीन मूंग की खेती से किसानों की आय में वृध्दि हुई है, परंतु इसमें कीटनाशक एवं खरपतवारनाशक दवा का उपयोग अधिक किया जा रहा है। साथ ही यह भी देखा जा रहा है कि फसल को जल्द पकाने के लिये खरपतवारनाशक दवा (पेराक्वाट डायक्लोराइड) का भी उपयोग अधिक हो रहा है, इन कीटनाशक / खरपतवारनाशक दवा के अंश मूंग फसल में शेष रह जाते हैं, जो कि सेहत के लिए हानिकारक हैं। कृषि मंत्री श्री कंषाना ने सभी किसान भाईयों से अपील है कि ग्रीष्मकालीन मूंग की फसल में कीटनाशक/खरपतवारनाशक दवा का उपयोग कम से कम करें, जिससे मानव शरीर पर इसका दुष्प्रभाव कम हो।

## राज्य मंत्री जायसवाल ने सीधी जिले की सड़क दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कुटीर एवं ग्रामोद्योग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा सीधी जिले के प्रभारी मंत्री श्री दिलीप जायसवाल ने गत दिवस सीधी जिले में सड़क दुर्घटना के मृतकों के परिजनों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की हैं। उन्होंने दिवंगत पुण्य आत्माओं की शांति तथा शोकाकुल परिवार को इस कष्ट को सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है। राज्यमंत्री श्री जायसवाल घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। राज्य मंत्री श्री जायसवाल ने कलेक्टर श्री स्वरोचिष सोमवंशी तथा पुलिस अधीक्षक डॉ. रविन्द्र वर्मा से चर्चा की। उन्होंने घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं भविष्य के लिए इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं को रोकने विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की सड़क दुर्घटनाओं में बहुमूल्य जिंदगियों को असमय खो देना अत्यंत ही दुःखद है। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिले में अभियान चलाकर प्रयास किए जाए। सीधी जिले अंतर्गत उपनी गांव के समीप रविवार की देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में मैहर माता के दर्शन करने जा रहे यात्री वाहन और ट्रक की भयानक टक्कर में आठ यात्रियों की असामयिक दर्दनाक मृत्यु हो गई तथा 13 अन्य घायल हो गए थे।

## शार्ट सर्किट को हल्के में न लें, तुरंत ठीक करवाएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने आमजन को आगाह किया हैड्ड कि घर अथवा संस्थान में कहीं भी शार्ट सर्किट हो रहा है तो उसे हल्के में न लें, बल्कि तुरंत इलेक्ट्रिशियन को बुलाकर ठीक करवाएं। जरा सी असावधानी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। दुर्घटनाओं से बचाव के लिए आमजनों को भी करंट से होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम में सहयोग करना आवश्यक है। कंपनी ने कहा है कि यदि घरों में अर्थिंग नहीं है तो वायरिंग के पहले अर्थिंग जरूर दें। इसके साथ ही घटिया या सस्ती वायरिंग की बजाय मानक स्तर की वायरिंग करवाएं, ताकि शार्ट सर्किट से होने वाली हानियों से बचा जा सके। एक अनुमान के मुताबिक ज्यादातर शार्ट सर्किट की घटनाएं या तो घटिया वायरिंग के कारण होती हैं या फिर ज्यादा समय से पुरानी वायरिंग होने के चलते होती हैं। जरा सी लापरवाही महंगी पड़ सकती है। बिजली कंपनी आपको पुरानी वायरिंग की जगह मानक स्तर की नई वायरिंग करवाने की सलाह देती है, ताकि शार्ट सर्किट की घटनाओं से बचा जा सके। यदि विद्युत लाइनों से संबंधित किसी भी तरह की शिकायत हों तो तत्काल कॉल सेंटर के टोल फ्री नं. 1912 पर, उपाय ऐप एवं समीप के वितरण केन्द्र कार्यालय में अवश्य दें। मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि घरेलू विद्युत उपकरणों, वायरिंग, स्विच इत्यादि को स्वयं सुधारने के बजाय किसी प्रशिक्षित इलेक्ट्रीशियन की सेवाएं लें। मानव जीवन अमूल्य है। बिजली के स्विच, सॉकिट, बिजली उपकरण बच्चों की पहुंच से दूर रखें। स्वीकृत भार से अधिक लोड का उपयोग न करें। उचित क्षमता के एम.सी.सी.बी, कट-आउट लगाने के साथ ही अच्छी गुणवत्ता की वायरिंग का ही उपयोग करें। वर्ष में एक बार अपने परिसर की वायरिंग, फिटिंग, अर्थिंग अनुभवी एवं दक्ष इलेक्ट्रीशियन से अवश्य जांच कराएं, ताकि शार्ट सर्किट की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

## प्रदेश के 700 हायर सेकेंडरी स्कूलों में प्रारंभ होगी व्यावसायिक शिक्षा

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा लागू की जा रही नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के प्रत्येक बिंदु को ठोस तरीके से लागू किये जाने के प्रयास किये जा रहे है। नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 में तेजी से बढ़ती हुई विश्व की अर्थव्यवस्था में भारतीयों का किस प्रकार से योगदान हो उसकी चिंता की गई है। बढ़ती हुए आबादी के साथ जनता के लिये उनकी शिक्षा, कौशल और आकांक्षाओं के अनुरूप रोजगार का सृजन एक महत्वपूर्ण चुनौती है। इस बात को ध्यान में रखते हुए स्कूल शिक्षा विभाग सरकारी स्कूलों में व्यावसायिक शिक्षा पर जोर दे रहा है स्कूल शिक्षा विभाग ने नये शैक्षणिक सत्र में 700 नये उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में नये ट्रेड एवं जॉब रोल्स शुरू करने का प्रस्ताव केन्द्र सरकार के शिक्षा विभाग को भेजा है। यह ट्रेड 21वीं सदी के नवीन कौशल उन्नयन पर आधारित है। वर्तमान में 2383 विद्यालयों में व्यावसायिक शिक्षा के कोर्स चल रहे है। इन्हें मिलाकर प्रदेश में व्यावसायिक शिक्षा देने वाले स्कूलों की संख्या 3 हजार से अधिक हो जायेगी। इन कोर्स में उन्नत कृषि को बढ़ावा देने पर बल दिया गया है। डेयरी विकास से जुड़े कोर्स कन्स्ट्रशन ट्रेड अंतर्गत मेशन सहायक, कंस्ट्रशन पेन्टर, असिस्टेंट डिजाइनर, फैशन, हाउसकीपिंग, ऑफिस एडमिनिस्ट्रेशन एण्ड मैनेजमेंट के जॉब रोल्स भी प्रारंभ किये जायेंगे। वर्तमान में संचालित कोर्स में कक्षा 9 और 10 में डाटाएंट्री ऑपरेटर, जूनियर फील्ड टेकनिशियन, असिस्टेंट ब्यूटी थेरेपिस्ट, रिटेलस्टोर, ऑपरेशन असिस्टेंट, प्रायवेट सिक्योरिटी गॉर्ड, फूड एण्ड बेवरीज, सर्विस असिस्टेंट, माइक्रो फ़ाइनेंस एग्ज़ीक्यूटिव, असिस्टेंट प्लम्बर, सिलाई मशीन ऑपरेटर, फोर व्हीलर सर्विस असिस्टेंट, इलेक्ट्रॉनिक सर्विस असिस्टेंट और फिजिकल एजूकेशन असिस्टेंट विषय प्रमुख है, कक्षा 11 और 12 में जिन कोर्स को प्राथमिकता दी गई है। उनमें जूनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर, सौलर पैनल टेक्नीशियन, ड्रोन सर्विस टेक्नीशियन, सीसीटीबी, फुटेज ऑपरेटर, फ्लोरीकल्चर, सेल्फ एम्प्लॉयड टेलर प्रमुख है।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी आवेदकों की समस्याएं

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** कलेक्टर श्री कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने मंगलवार को जिले से जनसुनवाई में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान अनेक समस्याओं का निराकरण मौके पर ही किया गया। जनसुनवाई में आए नागरिकों से 119 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर एडीएम श्री भूपेन्द्र गोयल, श्री अंकुर मेश्राम एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर श्री सिंह ने जनसुनवाई में आए हर एक आवेदक से धैर्यपूर्वक उनकी समस्याओं पर चर्चा की और उन्हें उनके शीघ्र निराकरण का आश्वासन भी दिया। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को नागरिकों से प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशील रूख अपनाते हुए निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदकों की समस्याओं पर संबंधित क्षेत्र के अधिकारियों को कार्यवाही करने के निर्देश दिए।



## ग्रामीण समूहों की महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन खंडवा की पहल

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जिला प्रशासन खंडवा द्वारा म.प्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूह की महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जिले की विभिन्न ग्रामीण महिलाओं को जिला पंचायत खंडवा द्वारा ई-रिक्शा चलाने के लिये सर्वप्रथम लर्निंग लाइसेंस बनाए गए। साथ ही ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण भी दिया गया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खंडवा में आयोजित ''नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम'' में जनजातीय कार्य, लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन, भोपाल गैस त्रासदी राहत एवं पुनर्वास मंत्री डॉ. कुंवर विजय शाह ने हरी झण्डी दिखाकर दीदियों के सपनों को उड़ान देते हुए ई-रिक्शा वितरित किये गये। महिला सशक्तिकरण की दिशा में जिला पंचायत खंडवा की मंशा है कि जब महिलाएं ई-रिक्शा चलाएंगी तो उनकी आय में बढ़ोतरी होगी। वहीं दूसरी ओर बाजार में महिला यात्रियों को सुरक्षित परिवहन के वाहन भी उपलब्ध होंगे। महिला अपने बलबूते पर परिवार का पालन पोषण कर सकेंगी प्रोजेक्ट के तहत चयनित महिलाओं को उनकी पसंद का ई-रिक्शा लेने के लिए उनके माध्यम से ही मार्केट सर्वे किया गया एवं उपलब्ध तीन मॉडलों का सर्वे कर उन्होंने आपस में बैठक कर मॉडल का चुनाव किया और एक सहमति बनाते हुए समूह से ऋण लेकर रिक्शा क्रय करने का निर्णय लिया। महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिले में किए जा रहे नवाचार के तहत ई-रिक्शा संचालन ग्रामीण समूह की महिलाओं ने योजना बनायी। एक महीने पहले महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस के आवेदन कराए गए थे। इन ई-रिक्शा में पेनिक बटन एवं जीपीएस ट्रेकिंग जैसे सिस्टम भी लगाये गये है। जिससे महिलाएं ई-रिक्शा चलाते समय स्वयं को सुरक्षित महसूस करेंगी, ये महिलाएं खण्डवा शहर सहित तीर्थनगरी ओंकारेश्वर, पुनासा, पंधाना, खालवा, हरसूद के ग्रामीण क्षेत्रों में ई-रिक्शा चलायेंगी एवं इन दीदियों को शासन द्वारा शासकीय एवं अर्द्धशासकीय स्कूलों से अनुबंधित करवाया जाएगा।



## मध्यप्रदेश के तीन ताप विद्युत गृहों को फ्लाई ऐश के कुशल प्रबंधन के लिए मिला राष्ट्रीय पुरस्कार

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल)के श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया, सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन करने के लिए फ्लाई ऐश उपयोगिता-2025 विषय पर गोवा में आयोजित 14 वें अन्तर्राष्ट्रीय आवासीय सम्मेलन में सम्मानित किया गया। तीनों विद्युत गृह के अभियंताओं को यह पुरस्कार पूर्व केन्द्रीय पर्यावरण, वन व जलवायु मंत्री श्री प्रकाश जावड़ेकर ने प्रदान किया। यह अन्तर्राष्ट्रीय सम्मेलन गैर लाभकारी संगठन मिशन एनर्जी फाउंडेशन के तत्वावधान में आयोजित किया गया था। सम्मेलन में एनटीपीसी, विभिन्न राज्यों की पॉवर यूटिलिटी व निजी पॉवर यूटिलि?टी के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विद्युत गृहों से निकलने वाली फ्लाई ऐश के कुशल व प्रभावी प्रबंधन पर विस्तृत चर्चा की। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने पुरस्कार के लिए तीनों ताप विद्युत गृह के अभियंताओं व कार्मिकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी ने फ्लाई ऐश के बेहतर प्रबंधन के क्षेत्र में निरंतर प्रयास और प्रतिबद्धता के माध्यम से जो मील का पत्थर स्थापित किया है, यह उपलब्धि न केवल पर्यावरणीय स्थिरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि ऊर्जा क्षेत्र में नवाचार और सतत विकास की मिसाल भी है। मध्यप्रदेश पॉवर जनरेटिंग कंपनी के सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी व अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई को यह पुरस्कार 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से कम श्रेणी और श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह दोंगलिया को 500 मेगावाट स्थापित क्षमता से अधिक श्रेणी वर्ग में प्रदान किया गया। श्री सिंगाजी ताप विद्युत गृह ने 100 प्रतिशत से अधिक फ्लाई ऐश का सतत् व प्रभावी उपयोग किया है।

## जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोल-मंत्री सिलावट

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का संकल्प है कि हर घर स्वच्छ पेयजल और खेती के लिए हर खेत तक पानी पहुंचे। इसके लिए प्रदेश में केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजनाओं के बाद ताप्ती मेगा बेसिन परियोजना बनाई जा रही है। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न सिंचाई योजनाओं के माध्यम से सिंचाई के रकबे में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन के लिए तालाब एवं अन्य जल स्त्रोतों के उन्नयन, विकास, गहरीकरण, जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त करने और उनके आसपास पौधा-रोपण आदि के उद्धेश्य से प्रदेश में 30 मार्च 2025 से 30 जून 2025 तक 卐जल गंगा संवर्धन अभियान卐 चलाया जाएगा। उन्होंने प्रदेश में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का जनता से आहवान किया।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने मंगलवार को प्रमुख अभियंता जल संसाधन कार्यालय के सभाकक्ष में अभियान की तैयारियों के संबंध में बैठक ली। बैठक में अपर मुख्य सचिव जल संसाधन विभाग डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख अभियंता जल संसाधन श्री विनोद कुमार देवड़ा सहित सभी संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

जल संसाधन मंत्री श्री सिलावट ने कहा कि जल संसाधन विभाग में प्रदेश में 32 वृहद, 120 मध्यम एवं 5 हजार 800 लघु जल संरचनाएं हैं। इनमें बनाए गए बांधों की नहर प्रणाली 40 हजार किलोमीटर की है जिनमें 16 हजार किलोमीटर पक्की और 24 हजार किलोमीटर कच्ची नहरें हैं। इन नहरों से सिंचाई के लिए खेतों तक पानी पहुंचाया जाता है। अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं की आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण एवं विकास कार्य किया जाना है।

जल संसाधन मंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल संरक्षण एवं संवर्धन की समृद्धशाली परंपरा रही है। यहां की चंदेल कालीन जल संरक्षण प्रणाली न केवल भारत बल्कि पूरे विश्व में प्रसिद्ध रही है। जल संसाधन संभाग छतरपुर में 44, टीकमगढ़ में 71 और पन्ना में 5 चंदेल/बुंदेलकालीन तालाब हैं। अभियान के अंतर्गत इन सभी का संरक्षण किया जाना है।




## आंगनवाड़ी केंद्रों में मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करें-संभागायुक्त सिंह

**मीडिया ऑडीटर, भोपाल (एजेंसी)।** संभागायुक्त श्री संजीव सिंह ने सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में स्वच्छ पेयजल, विद्युत कनेक्शन और क्रियाशील शौचालय जैसी मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी आंगनवाड़ी केंद्र समय पर खुलें और बच्चों को नियमित रूप से पोषण आहार वितरित किया जाए। संभागायुक्त श्री सिंह ने आज कमिश्नर कार्यालय के सभाकक्ष में महिला एवं बाल विकास विभाग की संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह निर्देश दिए। बैठक में संयुक्त आयुक्त श्री विनोद यादव, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती नकी जहां कुरैशी और सभी जिला कार्यक्रम अधिकारी उपस्थित थे। संभागायुक्त श्री सिंह ने आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा की और अधिकारियों को इसे समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए कहा। उन्होंने सीएम हेल्पलाइन पर लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत लंबित मामलों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए।

संभागायुक्त ने मिशन वात्सल्य के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि सभी पात्र लाभार्थियों को स्पॉन्सरशिप, पीएम केयर फॉर चिल्ड्रन, मुख्यमंत्री बाल आशीर्वाद योजना, आफ्टर केयर, पोस्ट केयर और मुख्यमंत्री कोविड बाल सेवा योजना का लाभ मिले।

उन्होंने पोषण ट्रैकर पर टीएचआर स्टेटस, एचसीएम स्टेटस और मुख्यमंत्री बाल आरोग्य संवर्धन कार्यक्रम के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों के पोषण स्तर की नियमित निगरानी करने के भी निर्देश दिए।



### मनरेगा योजनान्तर्गत सामुदायिक पौधरोपण, न्यूट्रीशन गार्डेन तथा गौशाला के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला आयोजित

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत की नयी पहल





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में प्रभावी कदम उठाने के परिपेक्ष्य में मनरेगा योजना के अंर्तगत सामुदायिक पौधरोपण को व्यापक पैमाने पर क्रियान्वित कराने एवं कुपोषण की रोकथाम में सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सीधी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अंशुमन राज द्वारा 10 मार्च दिन सोमवार को वनमंडलाधिकारी की गरिमामयी उपस्थिति में जिला पंचायत सीधी के सभागार में मनरेगा योजनानंर्तगत सामुदायिक पौधरोपण, न्यूट्रीशन गार्डेन एवं गौशाला के संबंध में प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। उक्त कार्यशाला में परियोजना अधिकारी मनरेगा जिला पंचायत सीधी शैलेश पाण्डेय, लेखाधिकारी मनरेगा जिला पंचायत सीधी अशोक शुक्ला, समस्त जनपदों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री मनरेगा, अति.कार्यक्रम अधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, उपयंत्री तथा सामुदायिक पौधरोपण, न्यूट्रीशन गार्डेन एवं गौशाला से संबंधित ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

प्रशिक्षण सह कार्यशाला के प्रारंभ में लेखाधिकारी मनरेगा अशोक शुक्ला द्वारा समस्त आगंतुकों का स्वागत करते हुए प्रशिक्षण सह कार्यशाला के उद्देश्य एवं पौधरोपण, न्यूट्रीशन गार्डेन तथा गौशाला निर्माण के संबंध में शासन के निर्देशों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा मनरेगा योजनांर्तगत स्वीकृत सामुदायिक पौधरोपण एवं न्यूट्रीशन गार्डेन से संबंधित ग्राम पंचायतों के उपयंत्री, सरपंच, सचिव तथा ग्राम रोजगार सहायक से पौधरोपण तथा न्यूट्रीशन गार्डेन की प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त करते हुए स्पष्ट किया कि पौधरोपण एवं न्यूट्रीशन गार्डेन प्राथमिकता क्रम में सर्वोपरि हैं तथा इनके क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही न की जावे। इस अवसर पर उपस्थित वन मंडलाधिकारी द्वारा उपस्थित सदस्यों को पौधरोपण की नवीन तकनीकों एवं पौधरोपण कार्यक्रमों के सफल क्रियांवयन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

**गौशालाओं के सफल संचालन से सड़क दुर्घटनाओं में आयेगी कमी:** परियोजना अधिकारी मनरेगा शैलेश पाण्डेय द्वारा जिले में मनरेगा योजना से स्वीकृत गौशाला निर्माण कार्यों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए प्रगतिरत गौशालाओं को शीघ्र पूर्ण कराने, पूर्ण गौशालाओं का शासन के निर्देशानुसार गौ संर्वधन बोर्ड में पंजीयन कराते हुए गौशालाओं के संचालन के संबंध में निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा गौशाला निर्माण कार्यो में किसी भी प्रकार की लारवाही न करने के निर्देश दिये गये। कार्यक्रम में उपस्थित पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा गौशाला के पंजीयन एवं संचालन के संबंध में शासन की गाइडलाइन के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

### बैगा आदिवासियों ने एसडीएम ऑफिस का किया घेराव

## विस्थापन और रोजगार समेत आठ मांगों को लेकर सीएम को सौंपा ज्ञापन



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** सीधी के कुसमी में मंगलवार को बैगा आदिवासी समुदाय ने प्रदर्शन किया। बैगा विकास संगठन और राष्ट्रीय दलित एवं आदिवासी महासभा के बैनर तले सैकड़ों आदिवासियों ने रैली निकाली। राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय भारती, जिला अध्यक्ष गौरीशंकर बैगा और ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमलाल बैगा के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने एसडीएम कार्यालय का घेराव किया। मुख्यमंत्री के नाम सौंपे गए ज्ञापन में विस्थापन, रोजगार, शिक्षा और शोषण से जुड़ी 8 मांगें रखी गईं।

संजय भारती ने कहा कि कुसमी क्षेत्र के शिक्षित युवा बेरोजगारी झेल रहे हैं। आदिवासियों का विस्थापन उनकी सहमति के बिना किया जा रहा है। कम पढ़े-लिखे लोगों से जबरन दस्तावेजों पर हस्ताक्षर कराए जाते हैं। उनके खातों में आए मुआवजे के पैसे बिचौलिए हड़प जाते हैं।

**कहा- पेड़ों के नीचे रहने को मजबूर परिवार:** विस्थापित परिवार आज भी जंगलों में पेड़ों के नीचे रहने को मजबूर हैं। प्रशासन ने उन्हें न तो वैकल्पिक भूमि दी है और न ही बुनियादी सुविधाएं। पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए आदिवासी समुदाय एकजुट हुआ है।

एसडीएम प्रिया पाठक ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए क्षेत्रीय मुद्दों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान तहसीलदार एकता शुक्ला और नायब तहसीलदार नारायण सिंह भी मौजूद रहे। बैगा समुदाय ने चेतावनी दी है कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## सभी ओवरलोड वाहन पर हो कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, मैहर (निप्र)।** समाजसेवी आदर्श चतुर्वेदी ट्रक ट्रान्सपोर्ट एसोशिएशन के जिला अध्यक्ष का कहना प्रशासन ओवरलोड गाड़ियों पर कार्रवाई करे,चाहे वह गाड़ियां लोकल व्यापारी की हो या फिर बाहर के व्यापारियों की हो मैहर जिले के अंदर जितनी भी खदानें चल रही है जितनी भी फैक्ट्री चल रही है और ट्रक के द्वारा ओवरलोड पत्थर या रेत निकलती है तो उन पर कार्रवाई करवाई जाएगी।

## लोकायुक्त ने हवलदार को रिश्वत लेते पकड़ा

### आधार केंद्र संचालक से किराए के नाम पर मांगी रिश्वत, छतरपुर होमगार्ड कार्यालय का मामला



**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर के डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट होमगार्ड एवं नागरिक सुरक्षा कार्यालय में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। सागर लोकायुक्त की टीम ने मंगलवार दोपहर करीब डेढ़ बजे एक हवलदार को 5 हजार रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा। आरोपी हवलदार सुरेंद्र राय ने कार्यालय परिसर में स्थित शासकीय आधार सेवा केंद्र के संचालक से किराए के नाम पर रिश्वत मांगी थी। शिकायतकर्ता मनीष तिवारी पिछले दो वर्षों से आधार केंद्र का संचालन कर रहे हैं।

**किराए के नाम पर पैसे ले रहा था:** मनीष के अनुसार, हवलदार शुरुआत से ही उनसे किराए के नाम पर पैसे लेता आ रहा था। पहले राशि कम थी, लेकिन अब मांग बढ़ने लगी। हवलदार ने कुल 6 हजार रुपए की मांग की थी। इसमें से 1 हजार रुपए 4 फरवरी को दिए जा चुके थे।

**9 सदस्यीय टीम ने की कार्रवाई:** सागर लोकायुक्त के टीआई अभिषेक वर्मा और केपीएस बेन के नेतृत्व में 9 सदस्यीय टीम ने कार्रवाई की। टीआई वर्मा ने बताया कि आरोपी हवलदार के खिलाफ धारा 7 के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### विधवा महिला से बैंक में धोखाधड़ी

**मीडिया ऑडीटर, छतरपुर (निप्र)।** छतरपुर में एक विधवा महिला ने बैंक कर्मचारियों पर धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। बैंक ऑफ बड़ौदा के कर्मचारियों ने महिला की एफडी के पैसे बिना जानकारी के शेयर मार्केट में लगा दिए। इस मामले में पीड़िता ने कलेक्टर से शिकायत की है। जिले के किशोर सागर निवासी राधा पति राजू रैकवार ने बताया कि उसके पति की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। इसके बाद उसने शासन से मिली 4 लाख रुपए की सहायता राशि से बैंक ऑफ बड़ौदा में एफडी करवाई थी। बैंक प्रबंधक सौरव गुप्ता ने एफडी नंबर 09598100032747 में यह राशि जमा की थी। राधा ने बताया कि इसके बाद जब उसने 5 मार्च को अपने खाते की जानकारी ली तो पता चला कि उनके खाते से 51 हजार रुपए कट चुके हैं।

## जनसुनवाई में कलेक्टर ने सुनी 114 आवेदकों की समस्याएं निराकरण के दिए निर्देश



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** नागरिकों के समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिये शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक मंगलवार को जिला पंचायत सभागार में सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक जनसुनवाई आयोजित की जाती है। इस बार आयोजित जनसुनवाई में कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 114 आवेदकों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर शिकायत की वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गई तथा उसके निराकरण के लिए निर्देश दिए गए। अनिराकृत आवेदनों के लिये समय-सीमा निर्धारित कर अधिकारियों को समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए गए हैं।

जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। आज आयोजित जनसुनवाई में समस्त उपखण्ड अधिकारी, तहसीलदार और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत भी वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला स्तरीय जनसुनवाई से जुड़े रहे।

## राजरानी सेवा संस्थान के बच्चों ने घूमा रामबन एवं वैष्णो देवी मंदिर



**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** राजरानी सेवा संस्थान के द्वारा संचालित एस एम राज सिंह कान्वेंट एवं समावेशी विद्यालय गिरजापुर सतना के छात्र एवं छात्राओं ने वैष्णो देवी एवं राम वन का भ्रमण किया जिसमें संस्थान के संचालक महोदय संजय सिंह गहरवार ने बच्चों को विद्यालय से हरी झंडी दिखाकर विदा किया एवं प्राचार्या अनीता विश्वकर्मा ने वैष्णो देवी मंदिर में बच्चों का स्वागत किया तथा बच्चों को पूरा मंदिर परिसर बहुत अच्छे से भ्रमण कराया गया तत्पश्चात बच्चों ने नाश्ता किया एवं विद्यालय वहां पर रामबन की ओर आगे बढ़ा राम वन में बच्चों ने दर्शन किया एवं भोजन किया सभी शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण सहयोग दिया एवं बच्चों को खोज के चिन्हों का महत्व समझाया। इनकी रही विशेष उपस्थिति आरती पटेल कीर्ति शुक्ला वर्षा साहू साक्षी पांडे प्रगति साहू कोमल चर्मकार पूजा वर्मा केदार आदि।

## सरकारी अस्पतालों की अव्यवस्था पर कांग्रेस का मौन प्रदर्शन, बजरंगबली के भरोसे सौंपी व्यवस्था



**मीडिया ऑडीटर, रीवा (निप्र)।** रीवा मे जनता के रक्षा करने हेतु एवं प्रदेश में बिगड़ी हुई स्वास्थ्य व्यवस्था व रीवा जिले में संजय गांधी अस्पताल जिला अस्पताल व सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में हो रही व्यापक गड़बड़ियां भ्रष्टाचार अमानक दवाइयो का वितरण आवश्यक मशीन उपलब्ध होने के बावजूद निजी पैथोलॉजी एवं जांच केदो तथा दवा दुकानों में परीक्षण के लिए भेजना निजी अस्पतालों में बीमार व पीड़ित व्यक्तियों को डॉक्टरों द्वारा भेजे जाने एवं संजय गांधी अस्पताल में अवैध वसूली एवं परिवार जनों से मारपीट तत्काल बंद करने सहित मांगों को लेकर विवेकानंद पार्क से रैली के माध्यम से निकलकर शिल्पी प्लाजा होते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला जी प्रदेश के मुखिया मोहन यादव एवं भ्रष्टाचारियों अपराधियों के विरुद्ध नारेबाजी करके कांग्रेस पार्टी का झंडा बुलंद किया इसके बाद संजय गांधी परिसर में स्थित भगवान बजरंगबली को ज्ञापन सोपा गया साथ में ही रीवा जिले के पूर्व सांसद ओजस्वी वक्ता गुड से विधायक कैलाश वासी स्वर्गीय सुंदरलाल तिवारी जी की छठवीं पुण्यतिथि में याद करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने फूलमाला चढ़कर याद किया उपरोक्त कार्यक्रम में कुंवर सिंह कार्यकारी अध्यक्ष विनोद शर्मा अरुण तिवारी मुन्नू लालमणि पांडे सुभाष तिवारी सोलू डॉ संजय गौतम सीमा सिंह प्रभा ममता तिवारी राखी पांडे विजयलक्ष्मी मनोज शुक्ला एडवोकेट अरविंद तिवारी संघर्ष पांडे राजेंद्र तिवारी छोटेलाल रजक नरेंद्र शुक्ला तुलसीदास शर्मा पप्पू सरपंच मनोज तिवारी धरेंद्र मिश्रा राहुल अमित त्रिपाठी सज्जन सिंह श्याम चरण शुक्ला राम कलेश रावत खेमराज साकेत गणेश सिंह तेजभान सिंह गुड्डू अमित उपाध्याय मनीष सेन हनुमान यादव रंग बहादुर पवन पांडे पुनीत दहिया आशीष शर्मा संजीव शुक्ला राजू साकेत विनीत कुशवाहा सूरज दिन साकेत सहित सैकड़ो की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने स्थानीय मंत्री के खिलाफ बुलंद की आवाज।

### प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस सीधी से रासेयो के स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय प्रशिक्षण में सहभागिता दर्ज की



**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार मध्य प्रदेश के अनूपपुर जिले के अमरकंटक में 2 से 8 मार्च 2025 तक राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत मध्यप्रदेश राज्य स्तर नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर/सम्मेलन ष्मेरा युवा भारत एवं डिजिटल साक्षरता के लिए युवाष् थीम पर आयोजित हुआ। उक्त शिविर में प्रधानमंत्री कॉलेज आफएक्सीलेंस संजय गांधी स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सीधी से महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पी. के. सिंह के निर्देशन में चार स्वयंसेवक शिवम पांडे बी.ए. द्वितीय वर्ष, रिया द्विवेदी बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष, आंचल तिवारी बी.ए. द्वितीय वर्ष, शिवानी गुप्ता द्वितीय वर्ष ने सहभागिता दर्ज की। प्राचार्य ने स्वयंसेवकों से प्राप्त प्रशिक्षण को महाविद्यालय स्तर पर उपयोगी बनाने हेतु निर्देशित किया। डॉ. अनिल सिंह विभाग अध्यक्ष अंग्रेजी ने स्वयंसेवकों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अंकिता सोनी एवं डॉ दिलीप सोनी ने स्वयंसेवकों का उत्साहवर्धन किया।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा



**मीडिया ऑडीटर, त्योंथर (निप्र)।** तहसील के मलपार गांव में टमस नदी के किनारे मंदिर में आज हनुमान जी की मूर्ति स्थापित की गई। इसके पूर्व प्रतिमा को फूल-माला से सजे रथ पर रख कर गाजे-बाजे के साथ पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। पंडित शुक्ला ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा कराया। जयदीप शुक्ला के द्वारा मंदिर निर्माण कराया गया, जिसमें लाखों की लागत से बन कर तैयार हुए मंदिर में बबलू शुक्ला सहित ग्रामीण जन के द्वारा प्राण प्रतिष्ठा के लिए चित्रकूट से हनुमान जी की मूर्ति लाई गई वही गांव के पंडित राजेंद्र शुक्ला के द्वारा पूजा अर्चना कर प्राण प्रतिष्ठा की गई वही प्राण प्रतिष्ठा होते ही भक्त गणों की जयकार से पूरा पांडाल गुंजायमान हो गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद भक्तों को संबोधित करते हुए पंडित राजन शुक्ला ने कहा कि सेवा से बड़ी भक्ति कोई नहीं है। स्वयं हनुमान जी सेवक के रूप में ही प्रभु के सबसे अनन्य बने। आगे कहा कि सभी देवों में अमर व कलयुग के जीवंत देव हैं पवनसुत। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम नीलेश, विनोद, जितेंद्र, सत्यम, विकल्प, मनीष, शिवम, ऋषभ, विनीत शुक्ला, दीपू तिवारी, ध्रुव सहित गांव ग्रामीण जन मौजूद रहे।

### श्री कसौधन वैश्य समाज का वार्षिक अधिवेशन एवं होली मिलन कार्यक्रम 16 मार्च को

**मीडिया ऑडीटर, सतना (निप्र)।** श्री कसौधन वैश्य समाज जिला सतना कि वार्षिक बैठक एवं होली मिलन का रंगारंग कार्यक्रम दिनांक 16 मार्च 25 को मिलन मैरिज गार्डन सज्जनपुर में दोपहर 12 बजे से होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह के अवसर पर जिले की वार्षिक बैठक जिलाध्यक्ष मनोज गुप्ता की अध्यक्षता में निर्धारित एजेंडे को लेकर आगामी सदस्यता अभियान, नवीन कार्यसमिति के गठन हेतु निर्णय लिए जाएंगे। उक्त आयोजित कार्यक्रम में जिला समिति के सभी संरक्षक महोदय, मार्गदर्शक महोदय, जिला पदाधिकारी, जिला कार्यसमिति सदस्य, जिला सहयोजित सदस्य, सभी मंडलों के पदाधिकारी, विशेष आमंत्रित सदस्य, महिला मंडल की सदस्य,जिला नवयुवक मंडल के सयोजक सदस्य, साधारण सामाजिक बंधुगण सादर आमंत्रित है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए महामंत्री डॉ संतोष गुप्ता ने सभी सामाजिक बंधुओ से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

## प्रधानमंत्री वन धन केंद्र नौड़िया सीधी में वन संसाधनों के सतत प्रबंधन पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित





**मीडिया ऑडीटर, सीधी (निप्र)।** वन विभाग के सहयोग से प्रधानमंत्री वन धन केंद्र नौड़िया सीधी में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें वन संसाधनों के सतत प्रबंधन और टिकाऊ कटाई प्रथाओं पर चर्चा की गई।

आईएलआरटी भोपाल के डॉ. दिनेश यादव ने प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया, जिसमें जलवायु परिवर्तन के प्रभावों और वन संसाधनों के संरक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया गया। उन्होंने महुआ, कटहल और बांस की टिकाऊ कटाई की तकनीकों पर विस्तार से चर्चा की, जिससे दीर्घकालिक रूप से स्थानीय समुदाय को लाभ मिल सके।

कार्यक्रम के दौरान खाद्य-ग्रेड महुआ के संग्रह पर विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें स्वच्छता और गुणवत्ता नियंत्रण सुनिश्चित करने की प्रक्रिया पर बल दिया गया। आईएलआरटी सीधी के संजय शर्मा और राकेश साहू ने महुआ के मूल्य संवर्धन प्रक्रिया में स्वच्छता बनाए रखने के उपायों पर जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में ग्राम सरपंच ममता शुक्ला, वन बीट अधिकारी प्रिंस यादव, वन धन केंद्र के प्रबंधक राजेश्वर यादव और अध्यक्ष त्रिलोक सिंह सहित कई महत्वपूर्ण हितधारकों ने भाग लिया। सभी ने वन संसाधनों के सतत उपयोग के महत्व पर सहमति व्यक्त की और इस दिशा में मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वन संपदा के दीर्घकालिक संरक्षण और स्थानीय समुदाय की आर्थिक समृद्धि को सुनिश्चित करने के लिए टिकाऊ प्रथाओं को बढ़ावा देना था। इस पहल से वन संसाधनों की रक्षा के साथ-साथ ग्रामीण आजीविका को भी सशक्त किया जाएगा।

### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैं शहजाद शाह तनय स्व. वाहिद शाह उम्र 36 वर्ष निवासी वार्ड क्र. 24 कमसरियत मोहल्ला धोबिया टंकी जिला रीवा म0प्र0 हाल मुकाम करहिया तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र., हर आम खास को यह सूचित करता हूँ की मेरे पुत्र का जन्म नेशनल हॉस्पिटल जिला रीवा म.प्र. में दिनांक 04/02/2024 को हुआ था जिसका जन्म के समय नाम मोहम्मद तैमूर शाह लेख था व उसी नाम से जन्म प्रमाण पत्र बना है किन्तु अब अपनी सामाजिक मान्यता के अनुसार मैं अपने पुत्र का नाम मोहम्मद तैमूर शाह के स्थान पर मोहम्मद अल्मीर शाह में परिवर्तित करना चाहता हूँ अब से मेरे पुत्र मोहम्मद तैमूर शाह तनय शहजाद शाह उम्र 1 वर्ष को मोहम्मद अल्मीर शाह तनय शहजाद शाह के नाम से माना पढ़ा व जाना जाये

# विचार

## क्रूर एवं आक्रांता मुगल शासक हमारे आदर्श कैसे?

मुगल बादशाह औरंगजेब की क्रूरता, अत्याचार एवं यातनाएं एक बार फिर बॉलीवुड की फिल्म छावा के कारण सुर्खियों में है। इस बार मामला सिर्फ इतिहास के पन्नों तक सीमित नहीं है बल्कि राजनीति में भी गर्मा गया है। समाजवादी पार्टी के नेता अबू आजमी के बयान ने महाराष्ट्र की राजनीति में उबाल ला दिया है एवं देश के बहुसंख्य समाज की भावनाओं को आहत किया है। भारत में आज भी एक ऐसा वर्ग है जो इस्लामिक कट्टरता के साथ जुड़ने में गर्व एवं गौरव की अनुभूति करता है, भले ही इससे देश की एकता एवं अखण्डता क्षत-विक्षत होती हो। इस्लाम के नाम पर जिसने हजारों हिंदू मंदिरों को ध्वस्त किया, तलवार की नोक पर बड़ी संख्या में लोगों को जबरन मुसलमान बनाया, ऐसे क्रूर एवं सांप्रदायिक शासक औरंगजेब को नेकदिल और महान शासक बताना, आखिर किस तरह की सोच है? भारत के अतीत को जघन्य अपराधों, कट्टरतावादी सोच एवं यातनाओं से सींचने वाले मुगल शासकों के प्रति यह कैसा मोह एवं ममत्व है? हिन्दू धर्म एवं संस्कृति पर आक्रमण करने वाले हमारे आदर्श कैसे हो सकते हैं? भारत की सांस्कृतिक विरासत एवं समृद्धि को कुचलने वाले महान् शासक कैसे हो सकता है? इन प्रश्नों को लेकर देशभर में छिड़ी बहस हमें आत्मावलोकन एवं मंथन का अवसर दे रही है। फिल्म 'छावा' कोरी फिल्म ही नहीं, हिन्दुओं को संगठित करने का अभियान है, जिसने औरंगजेब के क्रूर एवं बर्बर चरित्र को प्रस्तुत किया है, यह फिल्म मराठा साम्राज्य के दूसरे शासक और छत्रपति शिवाजी महाराज के बड़े बेटे संभाजी महाराज की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में संभाजी के साहस, बलिदान और औरंगजेब के अत्याचारों को दिखाया गया है। संभाजी को औरंगजेब ने छलपूर्वक 1689 में क्रूरता से मरवा दिया था, जिसे फिल्म में भावनात्मक ढंग से पेश करने की सफल एवं सार्थक कोशिश हुई है। इस फिल्म में समाजवादी पार्टी के नेता और महाराष्ट्र विधायक अबू आजमी ने इतिहास को गलत ढंग से पेश करने का आरोप लगाते हुए औरंगजेब की तारीफ करके विवाद को और हवा दे दी। आजमी ने कहा, औरंगजेब क्रूर शासक नहीं था। उसने कई मंदिर बनवाए और उसके शासन में भारत सोने की चिड़िया था। आजमी ने यह भी दावा किया कि औरंगजेब और संभाजी के बीच की लड़ाई धार्मिक नहीं, बल्कि सत्ता की थी। इस तरह मुगल आक्रांताओं की तारीफ करना सपा के डीएनए में है।

# हिंदू त्यौहार और साप्रदायिक राष्ट्रवादी राजनीति

**संघ परिवार का हिंदू राष्ट्र का एजेंडा तरह-तरह के नैरेटिव्स को अलग-अलग तरह से बुनने और उन्हें अलग-अलग मंचों से प्रस्तुत करने पर आधारित है। संघ परिवार के लिए धार्मिक त्यौहार अपने एजेंडा को आगे बढ़ाने के अवसर होते हैं। वह देवी-देवताओं का इस्तेमाल भी अपने लिए लाभकारी सामाजिक-राजनैतिक सन्देश देने के लिए करता है। हाल में समाप्त हुआ कुंभ मेला धार्मिक आयोजन की जगह राष्ट्रीय समारोह बन गया। इस बार के कुंभ में एक नई बात यह थी कि संस्कृति एवं विकास के वाहक के रूप में कुभ की जबरदस्त मार्केटिंग की गयी। इस आयोजन को हिन्दू धर्म का दुनिया का सबसे बड़े आयोजन बताया गया। इतने बड़े आयोजन में श्रद्धालुओं के रहने, साफ-सफाई और परिवहन का इंतजाम करना तो सरकार की जिमेदारी होती है। लेकिन इस बार देखा गया कि सरकार इस आयोजन का मानों हिस्सा बन गयी। सााधारी दल से जुड़े संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, धर्मसंसद और व्यक्तिगत तौर पर साधु-संतों आदि ने इस मेले का इस्तेमाल हिंदू राष्ट्रवादी एजेंडे के विभिन्न हिस्सों के प्रचार-प्रसार और मुसलमानों के प्रति नफरत फैलाने के लिए किया।**



जहां धार्मिक लोगों की दृष्टि में इस आयोजन की धार्मिक एवं आध्यात्मिक महत्ता बहुत अधिक है, वहीं इस बार इसे राजनैतिक रंग दे दिया गया। कुम्भ पहली बार नहीं हुआ है। मगर इस बार यह हिंदुत्व एजेंडे को आगे बढ़ाने का अवसर बन गया। राज्य सरकार, जो भीड़ का ठीक से प्रबंधंन नहीं कर सकी, काफी समय से भक्तों को बड़ी से बड़ी संख्या में कुंभ में आने के लिए निमंत्रित करने में जुटी हुई थी।

इस निमंत्रण को जन-जन तक पहुंचाने में करोड़ों रूपये खर्च हुए होंगे।

इस आयोजन में मुस्लिम व्यापारियों का बहिष्कार किया गया और उन्हें दुकानें आदि नहीं लगाने दी गई। इसकी कई वजहें बताई गईं जिनमें से एक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद द्वारा फैलाया गया यह झूठ था कि मुसलमान खाद्य सामग्री पर थूकते हैं इसलिए उन्हें दूर रखा गया। ऐसे कई झूठे वीडियो सोशल मीडिया पर चल रहे थे। इसके ठीक विपरीत, मुसलमानों ने भगदड़ पीड़ितों के लिए मस्जिदों के दरवाजे खोल दिए और उनके खाने-पीने का इंतजाम किया। यहां यह जिक्र करना प्रासंगिक होगा कि मुगल शासकों द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कुम्भ क्षेत्र में कई घाटों और शौचालयों का निर्माण करवाया गया था। इतिहासकार हेरम्भ चतुर्वेदी के अनुसार अकबर ने कुंभ की व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए दो अधिकारियों को नियुक्त किया था।

पूरे मेला क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी और योगी आदित्यनाथ के होर्डिंग बड़ी संख्या में लगे हुए थे। काफी बड़ा इलाका मेले में आने वाले वीआईपी व्यक्तियों के लिए आरक्षित था, जिसकी वजह से कई बार भगदड़ के हालात बने जिनमें बहुत से लोग मारे गए। परिवहन व्यवस्था अच्छी और पर्याप्त नहीं थी। नई दिल्ली रेल्वे स्टेशन पर मची भगदड़, जिसमें कई लोग मारे गए, से यह साफ़ है है।

अभी-अभी मशहूर हुए एक बाबा धीरेन्द्र शास्त्री, जिन्हें नरेन्द्र मोदी अपना छोटा भाई कहते हैं, ने प्रसन्न भाव से कहा कि जो लोग भगदड़ में मारे गए उन्हें मोक्ष मिलेगा। गंगा के पानी की गुणवत्ता बहुत ही नीचे स्तर तक गिर गई। नदी में ई-कोलाई और मल-मूत्र घुला हुआ था। पानी की गुणवत्ता और मौतों को लेकर की गई आलोचना का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि सुअरों को गंदगी नजर आ रही है और गिद्ध लाशें गिन रहे हैं!

विश्व हिंदू परिषद ने इस स्वर्णिम अवसर का उपयोग मार्गदर्शक मंडल की बैठकों के आयोजन लिए किया। इसमें दिए गए भाषणों में मुसलमानों के खिलाफ जमकर जहर उगला गया। मुस्लिम विरोधी प्रोपेगेंडा, जो आम तौर पर उनकी जनसंख्या में तेज वृद्धि, बांग्लादेश से घुसपैठ, गौरक्षा आदि से संबंधित रहता है, उसे इन बैठकों में बार-बार दुहराया गया। नफरत फैलाने में एक्सपर्ट वक्ताओं जैसे साध्वी ऋतंभरा, प्रवीण तोगडिया और यति नरसिंहानंद सरस्वती ने मौके का पूरा-पूरा फायदा उठाया। उन्हें बड़ी संख्या में लोगों ने सुना। भाजपा ने अपने राजनैतिक एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए साधुओं का सफलतापूर्वक इस्तेमाल किया और सरकारी खर्च पर प्रचार हासिल किया।

ऐसे ही एक भगवाधारी ने काशी और मथुरा की मंदिर संबंधी मांगों को दुहराते हुए दावा किया कि ऐसे 1,860 मंदिरों की पहचान की गई है जिन्हें वापिस लिया जाना है। मदरसों को बंद करने और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों को गुरूकुल में बदलने की मांग भी उठाई गई ताकि भारत को हिन्दूमय बनाया जा सके।

सन 2004 में प्रकाशित एक पुस्तक, जिसके लेखक इरफान इंजीनियर और नेहा दाभाड़े हैं, में यह बताया गया है कि कैसे धार्मिक आयोजनों का इस्तेमाल हिंसा भड़काने के लिए किया जाता है। हमारे उत्सव, धर्मों की सीमाओं के परे सामाजिक अवसर होते हैं। हालिया प्रवृत्ति यह हो गई है कि हिंदुओं के पर्वों पर जुलूस निकाले जाते हैं, जो मुस्लिम इलाकों से गुज़रते हैं और इस दौरान मस्जिदों पर लहरा रहे हरे झंडों को हटाकर भगवा झंडे लगा दिए जाते हैं और नंगी तलवारें हाथ में लेकर नृत्य किया जाता है। इसके साथ ही मुसलमानों के प्रति नफरती नारे लगाए जाते हैं। इस पुस्तक में दोनों लेखकों ने बताया है कि 2022-2023 में रामनवमी के त्यौहार के दौरान यह खासतौर से किया गया। इस पुस्तक में हावड़ा, हुगली, संभाजी नगर, वडोदरा, बिहारशरीफ और सासाराम में सन् 2023 में और हिम्मत नगर, खंभात और लौहारदग्गा में 2022 में हुई हिंसा का विवरण दिया गया है।

निष्कर्ष प्रस्तुत करते हुए इंजीनियर लिखते हैं, ॐहिंदू राष्ट्रवादियों का एक छोटा सा समूह भी धार्मिक जुलूस होने का दावा करते हुए अल्पसंख्यकों की बस्तियों से जाने की जिद कर सकता है। राजनैतिक और गाली-गलौज भरे नारे लगाकर और हिंसक गाने और संगीत बजाकर वह कोशिश करता है कि वहां के निवासी युवक भड़क जाएं और उन पर एकाध पत्थर फेकें। इसके आगे का काम सरकार करती है - बड़ी संख्या में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को गिरफ्तार करना और उनके मकानों और संपत्तियों को कुछ ही दिनों में, बिना किसी न्यायिक प्रक्रिया के, ढहा देना।

एक अन्य स्तर पर इस दक्षिणपंथी राजनीति ने आदिवासी इलाकों में देवी शबरी और भगवान हनुमान को स्थापित एवं प्रचारित-प्रसारित किया है। पिछले तीन दशकों में इन इलाकों में जैसे-जैसे ईसाई-विरोधी हिंसा बढ़ी, यहां आरएसएस से संबद्व वनवासी कल्याण आश्रम और विश्व हिन्दू परिषद ने शबरी से जुड़ी सघन गतिविधियां शुरू कर दीं गुजरात में डांग के पास शबरी कुंभ का आयोजन किया गया। इसी इलाके में एक शबरी मंदिर का निर्माण भी किया गया। उस समय विश्व हिन्दू परिषद के स्वामी असीमानंद इस क्षेत्र में सक्रिय थे। इन पर ही बाद में महाराष्ट्र एटीएस ने मालेगांव, अजमेर और मक्का मस्जिद में हुए बम विस्फोटों की साजिश से जुड़े होने का आरोप लगाया था।

आखिर इन इलाकों में प्रचार-प्रसार के लिए शबरी और हनुमान को ही क्यों चुना गया? शबरी एक गरीब महिला थी जिसके पास अपने भगवान (राम) को खिलाने के लिए पर्याप्त खाना नहीं था। इसलिए उसने राम को बेर खिलाए और उन्हें खिलाने के पहले, यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे मीठे हों, उन्हें स्वयं चखा। जहां शहरी इलाकों में दुर्गा, लक्ष्मी और सरस्वती की पूजा की जाती है, वहीं आदिवासी इलाकों के लिए शबरी हैं। इसी प्रकार आदिवासी इलाकों में भगवान राम के भक्त एवं सेवक भगवान हनुमान का प्रचार-प्रसार किया जाता है। यह काफी दिलचस्प है!

हिन्दुत्ववादी राजनीति का हमारे उत्सवों पर पड़ा प्रभाव उस राजनीति के बारे में बहुत कुछ कहता है। जिस प्रकार इनमें से कुछ त्योहारों को हथियार बना लिया गया है, यह शर्मनाक है। कुंभ मेले का इस्तेमाल जिस तरह मुस्लिम विरोधी बातें कहने के लिए किया गया है, या जिस तरह हनुमान और शबरी को आदिवासी इलाकों में प्रचारित किया जा रहा है। यह सब चिंता का विषय है।

# विज्ञान भी करता है होली खेलने का

हम सब जानते हैं कि इक्कीसवीं सदी विज्ञान और तकनीक की है।इसलिए आज आवश्यकता है भारतीय त्यौहारों के अध्यात्मिक , वैज्ञानिक और सामाजिक महत्व समझकर मनाने की, परंपरा और आधुनिकता के बीच संतुलन बनाने की।इसी संदर्भ में सनातनियों की होली हर्ष-उल्लास के साथ रंगों से खेलने मात्र एक परंपरा भर नहीं है अपितु यह अवसर है परिवार,समाज, पर्यावरण और स्वास्थ्य के महत्व को समझने का , उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को निभाने का, विज्ञान के विचार में अपने आपको रंग का।विज्ञान की दृष्टि से सनातनियों का होली पर्व मानव समाज के लिए कैसे लाभदायक हो सकते हैं निम्न तथ्यों से समझा जा सकता है-



(1) होली और हिन्दू पंचांग- हिन्दू पंचांग के अनुसार होली चैत्र माह के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा को मनाई जाती है।यह पर्व दो ऋतुओं (सर्दी की समाप्ति और ग्रीष्म ऋतु के आरंभ) के संधिकाल में आता है। वैज्ञानिक पक्ष के अनुसार सर्दियों के बाद वातावरण में नमी बढ़ जाती है, जिससे बैक्टीरिया और वायरस पनपने लगते हैं। होलिका दहन की अग्नि वातावरण में मौजूद सूक्ष्म हानिकारक जीवों को नष्ट करने में सहायक होती है। भारतीय वैज्ञानिकों को इस तथ्य को शोध से प्रमाणित करने की आवश्यकता है।

(2)होली और रंग विज्ञान- होली रंगों के बिना अधूरी है और रंगों का मानव जीवन में विशेष महत्व है। रंग न केवल भावनाओं और मनोस्थिति को प्रभावित करते हैं, बल्कि हमारे सांस्कृतिक, धार्मिक और व्यक्तिगत अनुभवों से भी जुड़े होते हैं। रंगों का उपयोग एक वैकल्पिक उपचार पद्धति के रूप में शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य को संतुलित करने के लिए भी किया जाता है जिसे हम क्रोमोथेरेपी कहते हैं।यह सिद्धांत इस विश्वास पर आधारित है कि प्रत्येक रंग की अपनी एक ऊर्जा होती है, जो शरीर के विभिन्न अंगों और चक्रों को प्रभावित कर सकती है। रंगो का विज्ञान कहता है कि लाल रंग ऊर्जा और उत्साह बढ़ाते हैं, पीला रंग सकारात्मकता और आत्मविश्वास को जन्म देते हैं, हरा रंग मानसिक शांति और सुकून प्रदान करता है, वहीं नीला रंग एकाग्रता और शीतलता के लिए जाना जाता है।अत: मनुष्य को अपनी प्रकृति के अनुरूप होली खेलने के लिए प्राकृतिक गुलाल या प्राकृतिक रंगों (फूल, पत्तियों,छाल आदि) या फूलों का उपयोग करना चाहिए।होली में प्राकृतिक रंगों का उपयोग त्वचा और सेहत के लिए फायदेमंद हो सकता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि टेसू के फूलों से बना केसरिया रंग एंटीऑक्सीडेंट और एंटीबैक्टीरियल गुणों से भरपूर होता है, जो त्वचा को पोषण देता है, इसी तरह हल्दी से बना पीला रंग एंटीसेप्टिक होता है, जो त्वचा का रोगों से बचाव करता है। वहीं दूसरी तरफ रासायनिक रंगों का उपयोग त्वचा, आंखों और यहां तक कि श्वसन तंत्र के लिए हानिकारक हो सकते हैं, क्योंकि इन रंगों में सीसा, पारा और अन्य विषैले तत्व होते हैं, जो एलर्जी, जलन और गंभीर बीमारियों का कारण बन सकते हैं। अत: इनके प्रयोग से बचना चाहिए।

(3) होली के रंग और पर्यावरण -होली के दौरान और होली खेल लेने के उपरांत रंगों को मिटाने के लिए पानी का बहुत अधिक अपव्यय होते देखा गया है। रंग युक्त पानी अंत में नदियों, झीलों, तालाबों में मिलता है और जल के इन स्त्रोतों के लिए रासायनिक प्रदूषण का कारण बन सकता है,जलीय जीवों और पारिस्थितिकी तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है। अत: आर्गेनिक गुलाल, प्राकृतिक रंगों या फूलों से होली खेलना प्रकृति सम्मत हो सकता है।

(4)होली दहन और पर्यावरण-होली दहन की परंपरा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। होलिका दहन में लकड़ी के उपयोग से प्राणवायु देने वाले पेड़ पौधों की क्षति होती है। अत: होली दहन के लिए गोबर के कंडों और अन्य पर्यावरण अनुकूल ईंधनों का उपयोग करते हुए सांकेतिक होली (कम ईंधन)जलाने की परंपरा को महत्व देना श्रेष्ठकर हो सकता है। होली पर्व यह भी अपेक्षा रखता है कि हम पर्यावरण को स्वच्छ रखें, जल का मितव्ययिता से उपयोग करें ,प्लास्टिक बैलून और पॉलिथीन का उपयोग न करें।

(5) होली और अंधविश्वास-होली एक सांस्कृतिक और धार्मिक त्योहार है, लेकिन इसके साथ कहीं न कहीं कुछ अंधविश्वास और अवैज्ञानिक मान्यताएँ जुड़ गई है या कुछ विशेष लोगों द्वारा भोले-भाले मानव मन का लाभ लेने के लिए जोड़ दी गई हैं जैसे होलिका दहन की राख का शत्रुओं के नाश के लिए तांत्रिक क्रियाओं में उपयोग;होलिका दहन की राख का बुरी नजर से बचाव में उपयोग;किसी के ऊपर रंग डालना भाग्यशाली या अशुभ माना जाना;होली की रात को विशेष टोटके करके या मंत्रों का जाप करके अपनी इच्छाओं की पूर्ति करना;होली के दिन बाल नहीं धोना या नाखून न काटना;होली की आग में नारियल, गेहूं या अन्य चीजें जलाकर भविष्य बताना आदि। इनके अभी तक कोई वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। अत: होली पर वैज्ञानिक सोच को महत्व देते हुए एक आनंद के पर्व रुप में मनाना चाहिए तथा अंधविश्वास और अवैज्ञानिक मान्यताओं को बल देने से बचना चाहिए।

(6)पशुओं को परेशान न करें- रसायनिक रंगों युक्त पानी से जानवरों को नुकसान हो सकता है।इसी तरह प्लास्टिक बैलून और पॉलिथीन भी इनके लिए हानिकारक हैं,जिनका उपयोग इस अवसर पर बढ़ जाता है। अत: इनके उपयोग से बचना चाहिए।

(7) होली और संगीत-हम सब जानते हैं कि बिना संगीत और नृत्य के होली अधुरी है।विज्ञान के अनुसार संगीत और नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन हैं, बल्कि इससे हृदय गति संतुलित होती है, रक्त संचार बेहतर होता है और कैलोरी बर्न होती है, जिससे शरीर स्वस्थ रहता है और आनंद का अनुभव करता है जब तक यह कर्ण प्रिय है।हमें यह भी ध्यान रखना होगा कि संगीत की तीव्र आवाज ध्वनि प्रदूषण का कारण बन सकती है जो मानव एवं पशुओं के स्वास्थ्य पर बुरा असर डाल सकती है।

(8) हैप्पी हार्मोन का महत्व समझें - खुशी और आनंद की अनुभूति के लिए शरीर में हैप्पी हार्मोन का बनना बहुत जरूरी है। प्राकृतिक रूप से इन हार्मोन का बनना और क्रियाशील होना निर्भर करता है परिवार, समाज, इष्ट मित्रों के साथ होली जैसे त्यौहारों को हर्ष, उल्लास,जोश से मनाने से।

हमें यह समझना बेहद जरूरी है कि सनातन संस्कृति में त्यौहारों को मनाने के पीछे मंशा रहती है पारिवारिक एकता, सामाजिक सद्भाव एवं समरसता, जनमानस में खुशियों का संचार ,स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के प्रति सजगता, प्रकृति का सम्मान और स्थानीय बाजारों के माध्यम से अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना।

(9) होली और किसान-होली मुख्य रूप से रबी फसलों की कटाई के समय मनाई जाती है।इस समय गेहूं, चना और जौ जैसी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं।होलिका दहन के दौरान, कई जगहों पर नई फसलों की कुछ बालियों को (गेहूं, चने आदि) होलिका अग्नि को अर्पित किया जाता है।इसे प्रकृति और देवताओं के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक तरीका भी माना जाता है।इस दृष्टि से होली किसानों की मेहनत और फसल के आनंद का प्रतीक भी है और आम जनता का अपने अन्न दाता की खुशियों में सम्मिलित होने,उनका मनोबल बढ़ाने का अवसर भी ।

अत: मेरे अनुसार होली पर्व को सभी जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्रों, के लोगों को विज्ञान के प्रकाश में प्राकृतिक और हरित तरीकों के साथ मनाना चाहिए, क्योंकि यह स्वास्थ्य, परिवार ,समाज और प्रकृति के लिए लाभदायक है। हम यह भी कह सकते हैं कि होली केवल एक पारंपरिक सामाजिक मेल-जोल बढ़ाने का उत्सव मात्र नहीं है अपितु मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाने का एक अवसर है।इसी संदर्भ में यदि विज्ञान के प्रकाश में होली मनाने की परम्पराओं में परिशोधन की आवश्यकता है तो उसका स्वागत होना चाहिए। मेरी तो यही मान्यता है कि अगर हम होली को भी वैज्ञानिक सोच के रंग में रंगते हैं,प्रेम और सौहार्द से मनाते हैं, तो यह त्यौहार सबके लिए सुरक्षित, पर्यावरण-अनुकूल और खुशहाल बन सकता है। इसका संदेश ही यही है समृद्ध किसान,खुशहाल पारिवारिक जीवन, स्वस्थ शरीर और स्वच्छ पर्यावरण।

**लेखक: डा मनमोहन प्रकाश, स्वतंत्र पत्रकार**

# एनकाउंटर में मारा गया गैंगस्टर अमन साहू

## कल झारखंड पुलिस रायपुर से रांची लेकर निकली थी, 148 दिन से सेंट्रल जेल में था





**मीडिया ऑडीटर, रायपुर (एजेंसी)।** गैंगस्टर अमन साहू (साव) को एनकाउंटर में ढेर कर दिया गया है। कल देर शाम 8.11 बजे रायपुर से उसे रांची ले जाने के लिए झारखंड पुलिस रवाना हुई थी। पुलिस का दावा है कि, इसी दौरान गाड़ी का पलामू के पास एक्सीडेंट हुआ। जिसके बाद गैंगस्टर अमन पुलिस का हथियार छीनकर भागने लगा। बताया जा रहा है कि उसने पुलिस पर फायरिंग भी की। जिसके बाद पुलिस की टीम ने जवाबी फायरिंग में उसे मार गिराया। अमन को 14 अक्टूबर को कारोबारी पर फायरिंग मामले में रायपुर लाया गया था। इसके बाद से 148 दिन तक वह रायपुर की सेंट्रल जेल में बंद था।

**रांची फायरिंग केस में वापस ले जा रही थी पुलिस:** रांची के बरियातू थाना इलाके के गवर्नमेंट गर्ल्स हाई स्कूल के पास 7 मार्च को कोयला कारोबारी बिपिन मिश्रा की कार पर अंधाधुंध फायरिंग की गई। विपिन मिश्रा और उसके ड्राइवर को भी गोली लगी है। कोयला कारोबारी के बॉडीगार्ड ने भी जब जवाबी फायरिंग की तो हमलावर फरार हो गए।

जानकारी के मुताबिक, ये फायरिंग का काम जेल में बंद अमन साव के निर्देश पर उसके गुर्गे कर रहे हैं। इसी केस की पूछताछ के लिए झारखंड पुलिस गैंगस्टर अमन साव को लेने रायपुर पहुंची थी।

**हाई सिक्योरिटी से लैस थी टीम:** गैंगस्टर अमन को जिस गाड़ी से ले जाया जा रहा था उस गाड़ी में हाई सिक्योरिटी और हथियार से पुलिस की टीम लैस थी। पहले साव को गाड़ी में बैठाया गया फिर दोनों ओर बंदूक लेकर पुलिस की टीम बैठी। झारखंड पुलिस की एक और टीम सामने एक और गाड़ी में चल रही थी।

**8 जिलों में 50 से अधिक केस दर्ज:** अमन साहू (साव) पर 50 से अधिक मामले रांची सहित राज्य के अगल-अलग थानों में दर्ज हैं। अमन का गिरोह रांची के अलावा रामगढ़, चतरा, धनबाद, हजारीबाग, पलामू, लातेहार और बोकारो में रंगदारी मांगने के लिए सक्रिय है।

गिरोह कोल माइनिंग कंपनियों, कोयला व्यवसायी और ट्रांसपोर्टर, बिल्डर, ठेकेदार और कारोबारियों को रंगदारी के लिए टारगेट कर रहा है। अगर इन्हें रंगदारी नहीं मिलती है तो गिरोह के गुर्गे या तो उन कारोबारियों के दफ्तर पर फायरिंग कर धमका रहे हैं या फिर उन्हें ही गोली मार रहे हैं।

पिछले 6 माह में रंगदारी मांगने और गोली चलाने के आधा दर्जन से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। गैंगस्टर अमन गिरोह के खौफ से कई कारोबारियों ने अब घर से निकलना भी कम कर दिया है। उन्हें डर लगा रहता है कि कहीं उन पर कोई रंगदारी नहीं देने को लेकर फायरिंग ना कर दे।

## ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस आयोजन के तहत स्वास्थ्य सेवाओं में एमसीबी जिला प्रथम स्थान पर



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का सफल संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को ग्रामीण आंगनबाड़ी केंद्रों में स्वास्थ्य विभाग की ओर से नियमित टीकाकरण सहित गर्भवती और शिशुवती महिलाओं को स्वास्थ्य, प्रजनन, मातृ, नवजात, बाल और किशोर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। इसके साथ ही संचारी और गैर-संचारी रोगों के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा परामर्श सेवाओं का लाभ ग्रामीणों को दिया जा रहा है।

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम पूरे छत्तीसगढ़ में प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें जिला एमसीबी लगातार प्रथम स्थान पर बना हुआ है। जिले में इस कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने के लिए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे और जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र कुमार सोनी के नेतृत्व में मैदानी स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को समय-समय पर प्रशिक्षण और दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

जिले में इस योजना की सतत निगरानी जिला नोडल अधिकारी अवनीश पाण्डेय द्वारा की जा रही है, जिससे वीएचएसएनडी कार्यक्रम को उच्चतम स्तर तक पहुंचाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग के समर्पित प्रयासों से एमसीबी जिला छत्तीसगढ़ में इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन में अग्रणी बना हुआ है।

## जल सशक्तिकरण में महिलाओं की अहम भूमिका मनेन्द्रगढ़ में हुआ जनसभा का सफल आयोजन

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के विकासखंड मनेन्द्रगढ़ के अंतर्गत ग्राम पंचायत सोनवर्षा के राधारमननगर में जल जीवन मिशन के तहत महिला-जन जल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशानुसार एवं लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालन अभियंता ओंकार सिंह, सहायक अभियंता ए. एस. सिदार, एवं उप अभियंता मनमोहन सिंह के आदेशानुसार जिला परियोजना समन्वयक (मॉनिटरिंग) अनिमेष कुमार तिवारी, निहाल डिक्सना, एवं नवीन कुमार ने भाग लिया। यह आयोजन प्राथमिक शाला प्रांगण में हुआ, जहाँ बड़ी संख्या में महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी की। इस जनसभा में जल बहिनियों, ग्राम जल स्वच्छता समिति एवं गाँव की महिलाओं को जल संरक्षण, स्वच्छ पेयजल की महत्ता, और जल जीवन मिशन के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, महिलाओं के सशक्तिकरण को ध्यान में रखते हुए उन्हें जल प्रबंधन में अधिक भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान जल जीवन मिशन के अंतर्गत हो रहे कार्यों की समीक्षा की गई और ग्रामीणों को जल संरक्षण व स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया।

# जंगल में फंदे से लटका मिला आरक्षक का शव

## बस्तर के बड़ांजी थाने में पोस्टेड था, पुलिस ने जताई सुसाइड की आशंका



**मीडिया ऑडीटर, जगदलपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर जिले के टकरागुड़ा जंगल में एक आरक्षक का शव फंदे से लटकता मिला है। वह बड़ांजी थाना में पोस्टेड था। प्रारंभिक जांच के अनुसार आरक्षक के सुसाइड करने की आशंका जताई जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मामला बड़ांजी थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के मुताबिक, आरक्षक का नाम नवलेश कश्यप (25) है। वह पहले छ्त्त्र में था। वर्तमान में बड़ांजी थाना में आरक्षक के पद पर पोस्टेड था। जानकारी के मुताबिक किसी कारण से वह पिछले कुछ दिनों से डिप्रेशन में था।

आरक्षक लोहंडीगुड़ा का रहने वाला था। मंगलवार की सुबह घर से कुछ ही किमी की दूरी पर जंगल में एक पेड़ में फंदे से लटकती इसकी लाश मिली है।

**पुलिस ने जताई सुसाइड की आशंका:** उस इलाके से गुजर रहे लोगों की नजर पड़ी। जिसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर जवान पहुंचे। उन्होंने फौरन फंदे से शव नीचे उतारा। इसकी खबर परिजनों को भी दी गई। वहीं शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया। प्रारंभिक तौर पर पुलिस ने सुसाइड की आशंका जताते हुए मर्ग कायम कर लिया है।

पुलिस का कहना है कि परिजनों और आरक्षक के दोस्तों से पूछताछ की जा रही है। साथ जी मोबाइल हिस्ट्री भी खंगाली जाएगी। हर पहलुओं से जांच की जा रही है।

## होली पर मिलावटखोरी पर कड़ी नजर खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने की सख्त कार्रवाई



**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में होली के मद्देनजर मिलावटी खाद्य पदार्थों की रोकथाम के लिए प्रशासन ने सख्त कदम उठाए हैं। इस दौरान नकली खोवा, मिलावटी मावा, दूध, पनीर और अन्य खाद्य उत्पादों की आपूर्ति की आशंका को देखते हुए निरीक्षण अभियान तेज कर दिया गया है। कलेक्टर डी. राहुल वेंकट और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे के निर्देशानुसार जिले में मिठाई दुकानों और दुग्ध विक्रय केंद्रों पर सघन निरीक्षण किया जा रहा है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ के नियंत्रण में हो रही इस कार्रवाई के तहत मिलावटी और गुणवत्ताहीन मिठाइयों की बिक्री रोकने के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी विनोद कुमार गुप्ता के नेतृत्व में जांच टीम ने मेसर्स बिज्जू मिष्ठान भंडार, बरबसपुर से खोवा और दूध, मेसर्स केरला कॉफी हाउस, गोदरीपारा, चिरमिरी से मिठाई पेड़ा और आनंद डेयरी, बड़ा बाजार, चिरमिरी से पनीर के नमूने जब्त किए हैं। इन नमूनों को राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला, कालीबाड़ी रायपुर भेजा गया है, जहां परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और नियम 2011 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान में प्रमोद कुमार पैंकरा (नमूना सहायक), गौरव कुमार महंत (लैब तकनीशियन) और जनार्दन प्रसाद पैंकरा (वाहन चालक) शामिल थे। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि किसी भी स्तर पर मिलावटखोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## हिंदू संगठन से झड़प करने वाले कोनी टीआई निलंबित

### अवैध शराब मामले में आरोपियों के पुराने केस को जांच में नहीं जोड़ा,एसपी ने लिया एक्शन



**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में हिंदूवादी संगठन से झड़प और अवैध शराब मामले में कोनी टीआई नवीन देवांगन को निलंबित कर दिया गया है। टीआई ने अवैध शराब के साथ गिरफ्तार आरोपियों के पुराने मामलों की जानकारी कोर्ट में पेश नहीं किया था। जिस कारण आरोपियों को न्यायालय से जमानत मिल गई।

दरअसल, कोनी के लोफंदी गांव में कुछ दिनों पहले महुआ शराब पीने से 9 लोगों की मौत हो गई थी। इसके बाद एसपी रजनेश सिंह ने अवैध शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए थे। तब पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर दबिश देकर 7 लोगों को गिरफ्तार किया था।

**कोर्ट में नहीं दी पुराने केस की जानकारी:** पुलिस ने आरोपियों के पुराने मामलों की जानकारी अपनी जांच में शामिल नहीं किया। इधर, आरोपियों ने न्यायालय में जमानत के लिए आवेदन लगाया। इसकी सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सभी को जमानत दे दी। इसलिए एसपी इसे गंभीरता से लेते हुए कोनी टीआई नवीन देवांगन को फटकार लगाई और निलंबित कर दिया है।

**रविवार को हिंदू संगठन से हुई थी झड़प:** बिलासपुर में रविवार को धर्मांतरण के आरोप में जमकर बवाल हुआ था। कोनी में हिंदूवादी संगठनों ने धर्मसभा की आड़ में भोले-भाले लोगों से धर्म परिवर्तन कराने का आरोप लगाया। विरोध करने पहुंचे कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प हो गई। जिसका वीडियो भी सामने आया है। हिंदूवादी संगठन के नेताओं ने कोनी टीआई पर दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया था।

## नाना-नानी के घर आए मासूम को ट्रक ने कुचला

### सड़क किनारे खेलने के दौरान हादसा, ड्राइवर-क्लीनर को ग्रामीणों ने पकड़ा



**मीडिया ऑडीटर, सरगुजा (एजेंसी)।** सरगुजा जिले के ग्राम रिखी में सड़क किनारे खेल रहे बच्चे को ट्रक ने चपेट में ले लिया। ट्रक की चपेट में आकर कुचल जाने से बच्चे की मौके पर मौत हो गई। मृतक बच्चा परिजन के साथ अपने नाना-नानी के घर घूमने के लिए गया था। घटना उदयपुर थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, उदयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम रिखी में मंगलवार सुबह राजेश पिता शिवनंदन (6) सड़क किनारे खेल रहा था। उसी दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 15 एसी 5023 ने राजेश को चपेट में ले लिया। ट्रक से कुचलकर राजेश की मौके पर मौत हो गई। घटनास्थल पर ग्रामीण बड़ी संख्या में पहुंच गए।

**ट्रक चालक और क्लीनर हिरासत में:** हादसे के बाद ट्रक का चालक वाहन लेकर फरार हो गया। ग्रामीणों ने कुछ दूर दौड़ाकर ट्रक को रोक लिया और सूचना उदयपुर पुलिस को दी। सूचना पर उदयपुर थाना प्रभारी कुमारी चंद्राकर की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने ट्रक चालक और क्लीनर को हिरासत में ले लिया है।

**एक दिन पहले ही नानी के घर आया था बच्चा:** मृत बालक राजेश मूलतः अंबिकापुर के मणिपुर थाना अंतर्गत ग्राम सुखरी का रहने वाला था। एक दिन पूर्व सोमवार को ही वह परिजन के साथ अपने नाना-नानी के घर रिखी आया था। हादसे से परिजन सदमें में हैं। घटना को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीण सड़क पर तेज रफ्तार में चलने वाले वाहन हादसे का कारण बन रहे हैं। उदयपुर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## होली से पहले डीजे की धुन पर थिरके स्टूडेंट्स

### उड़ाए रंग-गुलाल, मस्ती में सराबोर होकर जमकर किया डांस





**मीडिया ऑडीटर, बिलासपुर (एजेंसी)।** बिलासपुर में होली की छुट्टियों में कॉलेज बंद होने के पहले ही स्टूडेंट्स पर त्योहार की मस्ती छा गए। कुछ ऐसा ही नजारा सोमवार को एसबीआर कॉलेज की छात्राओं के बीच देखने को मिला। कॉलेज के मैदान में डीजे लगाकर छात्र-छात्राएं रंग-गुलाल उड़ाकर जमकर थिरकते नजर आए। स्टूडेंट्स की मस्ती का वीडियो भी सामने आया है। इसमें छात्र-छात्राएं डीजे पर थिरकते हुए रंग और गुलाल से सराबोर दिख रहे हैं।

होली के पहले स्कूल-कॉलेजों की अब छुट्टी शुरू होने वाली है। ऐसे में कॉलेज के स्टूडेंट्स घर जाने से पहले होली की मस्ती में नजर आ रहे हैं। अलग-अलग स्कूल-कॉलेज के बाहर स्टूडेंट्स रंग-गुलाल खेलते दिख रहे हैं। वहीं, शहर के कॉलेजों में होली पर्व पर डीजे लगाकर छात्र-छात्राएं डांस करते हुए रंग-गुलाल उड़ा रहे हैं।

**डीजे की धुन पर रंग-गुलाल उड़ाकर थिरके स्टूडेंट्स:** एसबीआर कॉलेज के स्टूडेंट्स सोमवार को कैंपस में रंग गुलाल उड़ाते नजर आए। यहां छात्र-छात्राओं ने कैंपस में ही होली मिलन का आयोजन किया, जिसमें कॉलेज के मैदान में डीजे लगाकर छात्र-छात्राएं थिरकते हुए मस्ती में डांस कर रहे थे।

**14 मार्च को मनाई जाएगी होली, सजी रंगों की दुकानें:** इस बार होली 13 मार्च की शाम को होलिका दहन किया जाएगा, जिसके बाद 14 मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। लिहाजा, एक सप्ताह पहले से ही बाजार सज गए हैं। शहर के मुख्य बाजारों में रंग गुलाल की दुकानें सज गई है। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में मैजिक बैलून, पिचकारी, पानी के कैप्सूल के साथ ही बच्चों के लिए खास तौर पर राइफल, बंदूक, वाटर गन के आकार की पिचकारियां उपलब्ध है।

## आज की जनदर्शन में आए 17 आवेदन, कलेक्टर ने विभागों को त्वरित निराकरण करने के दिये निर्देश

**मीडिया ऑडीटर, एमसीबी (निप्र)।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने आज कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे कलेक्टर के समक्ष रखा। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। जनदर्शन में आज कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए। आज के जनदर्शन में आवेदक अहिबरन सिंह निवासी चैनपुर दोनों को एक पद से मुक्त करने के संबंध में, बाबू लाल निवासी खोंगापानी भूमि के संबंध में, हीरालाल निवासी मनेंद्रगढ़ नजूल प्रतिवेदन न दिये जाने के संबंध में, सतीश गुप्ता निवासी मनेंद्रगढ़ नई सब्जी मंडी में स्थित दुकान को आबंटित किये जाने के संबंध में, मेरी निवासी चनवारीडांड भूमि के संबंध में, सरिता द्विवेदी निवासी नई लेदरी उच्च स्तरीय जाँच के संबंध में, बैजनाथ निवासी खोंगापानी भूमि को ऑनलाइन कराने के संबंध में, रश्मि गुप्ता निवासी मनेंद्रगढ़ भूमि के संबंध में, विजय सिंह निवासी दुधासी भूमि के संबंध में, सैफ अली निवासी बिहारपुर मितानिन पद से मुक्त किये जाने के संबंध में, देव प्रसाद निवासी उजियारपुर भूमि के संबंध में, चंद्र प्रताप निवासी मुलुकनार भूमि के संबंध में, शिवनारायण यादव निवासी भुमका भूमि नक्शा सुधारने के संबंध में, हरि सिंह निवासी साल्ही ऑनलाइन रिकॉर्ड में नक्शा दुरूस्त न करने के संबंध में, अब्दुल अजीज निवासी मनेंद्रगढ़ चुनाव कार्य कराने के पक्षचात भी बस का कार्य का मानदेय नहीं बनाने के संबंध में, रमेश चंद्र निवासी मनेंद्रगढ़ सहकारी विपणन समिति के दुकानों को अनियमित रूप से लोगो को आबंटित करने के संबंध में, नकुल सिंह निवासी चनवारीडांड भूमि के संबंध में अपना शिकायत लेकर उपस्थित हुए थे।

## दो बाइकों की टक्कर, एक की मौत

**मीडिया ऑडीटर, रायगढ़ (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में दो बाइकों की आमने सामने टक्कर हो गई। जिससे दोनों बाइक सवार फेंका गए। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना धरमजयगढ़ थाना क्षेत्र की है।

जानकारी के मुताबिक, दुर्गापुर गांव के रहने वाले वेदराम राठिया (30) सोमवार को बाइक पर सवार होकर अपनी मां को लेने के लिए धरमजयगढ़ जा रहा था। शाम करीब साढ़े 4 बजे जब वो दुर्गापुर और शाहपुर के पास मेन रोड पर पहुंचा था। इसी दौरान रॉन्ग साइड से आ रही बाइक के साथ भिड़ गया।

# होली मिलन समारोह में थिरके विधायक

## उड़े रंग गुलाल, फाग गीतों पर लगे ठुमके, भाजयुमो ने दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया फागुन महोत्सव







**भिलाई मीडिया ऑडीटर, कोरबा (एजेंसी)।** भिलाई में मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव भी शामिल हुए। कार्यक्रम में विधायक देवेंद्र यादव पूरे मूड में दिखे। उन्होंने ना सिर्फ फिल्मी गानों में जमकर डांस किया, बल्कि मंच से होली स्पेशल गाने भी गाए।

कार्यक्रम में भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव लगभग 40 मिनट तक रुके। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ होली के गानों मे जमकर ठुमके लगाए। इस दौरान महिला कार्यकर्ता भी बड़ी संख्या में मौजूद रही। सभी ने विधायक के साथ होली स्पेशल गानों में डांस किया। कार्यक्रम के दौरान विधायक देवेंद्र यादव "ओ रंग रसिया" सॉन्ग खुद गाया। उनके गाने पर सभी कार्यकर्ताओं ने जमकर डांस किया और पूरे कार्यक्रम में गुलाल उड़ाया।

**ईडी की कार्रवाई पर उठाए सवाल:** कार्यक्रम के बाद देवेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा की। उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री सहित अन्य जगहों पर हुई ईडी की कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा की केंद्र सरकार लगातार अनुचित तरीके से कांग्रेस के लोगों पर कार्रवाई कर रही। वो कांग्रेस नेताओं को दबाने का काम कर रहा है। हम दबने वाले और डरने वाले नहीं है। हम डटकर मुकाबला करेंगे।

**नेत्रहीन बच्चों ने मनाया फागुन महोत्सव:** भिलाई में भाजयुमो नेता प्रशम दत्ता ने नेत्रहीन बच्चों के लिए विशेष रूप से फागुन महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में नेत्रहीन बच्चों को मुख्य अतिथि बनाया गया। उनके द्वारा पारंपरिक होली गीतों, नृत्य और संगीत प्रस्तुतियों में भाग लिया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने सुगंधित फूलों से बने गुलाल से खूब एंजॉय किया।

# गोल्ड स्मगलिंग केस, कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या का दोस्त अरेस्ट

**बेंगलुरु ( एजेंसी )।** कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव को 3 मार्च को 14.2 किलो सोने के साथ बेंगलुरु के केंपेगौड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर गिरफ्तार किया गया था। 14 करोड़ रुपए के गोल्ड तस्करी केस में गिरफ्तार कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव के दोस्त तरुण राजू को पुलिस ने अरेस्ट किया है। राजू बेंगलुरु के एट्रिया होटल के मालिक का पोता है। उसे सोमवार को बेंगलुरु में विशेष आर्थिक अपराध अदालत में पेश किया गया। कोर्ट ने उसे पांच दिनों के लिए डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस की हिरासत में भेज दिया। रान्या की शादी आर्किटेक्ट जतिन हुक्केरी से होने के बाद तरुण राजू और एक्ट्रेस के बीच मतभेद शुरू हो गया था। इसके बावजूद दोनों मिलकर सोने की तस्करी कर रहे थे। इधर, एक्ट्रेस रान्या पर एयरपोर्ट के डीजीपी प्रोटोकॉल का फायदा उठाने का आरोप लगा है। उनके सौतेले पिता और कर्नाटक के डीजीपी डॉ. के रामचंद्र राव पर उनकी मदद का आरोप है। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार ने एडिशनल चीफ सेक्रेटरी गौरव गुप्ता को डीजीपी डॉ. के रामचंद्र राव की भूमिका की जांच करके एक हफ्ते में रिपोर्ट देने को कहा है।

# दत्तात्रेय होसबाले बोले- देश को इंडिया नहीं, भारत कहो

**नोएडा ( एजेंसी )।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (ङ्गस्) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- अपने देश को इंडिया नहीं, भारत कहना चाहिए। इसे ठीक करना पड़ेगा। देश को दो नामों से क्यों जाना जा रहा है? इसे ठीक करना ही पड़ेगा। भारत है, तो भारत ही कहो। दत्तात्रेय होसबाले नोएडा में सोमवार को %विमर्श भारत का% पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा- क्या भारत एक जमीन का टुकड़ा है? या संविधान से चलने वाला केवल एक भारत? केवल ऐसा नहीं है, भारत एक जीवन दर्शन है, आध्यात्मिक प्रतिभूत है। विश्व को संदेश देने वाला विश्वगुरु है। दत्तात्रेय होसबाले ने कहा- पिछले दिनों सरकार ने जी-20 सम्मेलन में राष्ट्रपति आवास पर भोज के लिए निमंत्रण में रिपब्लिक ऑफ भारत लिखा गया। कॉन्स्टिट्यूशन ऑफ इंडिया यानी भारत का संविधान, रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया यानी भारत का रिजर्व बैंक। इस पर सवाल उठना चाहिए। आज भारत पूरी तरह से स्वतंत्र है, उसका मस्तिष्क स्वतंत्र है। पूरी दुनिया में विमर्श की लड़ाई है। पहले के दशकों में पढ़ाया जाता था कि भारत का गणित और विज्ञान के क्षेत्र में कोई योगदान नहीं। भारत के इतिहास को तोड़ा-मरोड़ा गया है, जबकि इसका इतिहास समृद्धि से भरा पड़ा है।

# राष्ट्रपति मुर्मू से रिट्रीट में जीर्णोद्धार कार्य की शिकायत

**शिमला ( एजेंसी )।** हिमाचल प्रदेश के छराबड़ा में स्थित राष्ट्रपति निवास द रिट्रीट में इन दिनों जीर्णोद्धार कार्य चल रहा है। शिमला के पूर्व डिप्टी मेयर टिकेंद्र सिंह पंवर ने जीर्णोद्धार कार्य पर आपत्ति जताई है और इसकी शिकायत राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से की है। टिकेंद्र ने राष्ट्रपति के लिए एक पत्र और कुछ फोटो राष्ट्रपति को भेजे हैं, इसमें कहा कि द रिट्रीट में जो जीर्णोद्धार का काम चल रहा है, उसे देखकर निराश है।

# जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से मिलेगी लोकल उत्पादों को वैश्विक पहचान-मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**भोपाल ( एजेंसी )।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि %एक जिला-एक उत्पाद% हमारे कारीगरों और किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट भोपाल में आयोजित %एक जिला-एक उत्पाद% (ओडीओपी) एक्सपो ने स्थानीय कारीगरों और किसानों के उत्पादों को वैश्विक मंच प्रदान किया। जीआईएस-भोपाल में 38 जिलों के विशिष्ट ओडीओपी उत्पादों का प्रदर्शन किया गया, जिसमें परंपरा और नवाचार का अनूठा संगम देखने को मिला। जीआईएस-भोपाल में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडीओपी को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सशक्त पहल बताया। उन्होंने कहा कि हर जिले का एक खास उत्पाद उसकी सांस्कृतिक और आर्थिक पहचान बन सकता है। ओडीओपी कार्यक्रम से लोकल प्रोडक्ट्स को ग्लोबल ब्रांड बनाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जीआईएस-भोपाल में ओडीओपी-एक्सपो से हमारे स्थानीय उत्पादों, विशेष रूप से हस्तशिल्प और कृषि उत्पादों को वैश्विक मंच पर पहचान बनाने का अवसर मिला है।






एक्सपो में ओडीओपी के लिए विशेष स्टॉल लगाए गए, जिन्हें लाइव काउंटर और प्रोसेस काउंटर में विभाजित किया गया। लाइव काउंटर में बाग प्रिंट, जरी जरदोजी, बटिक प्रिंट, कालीन, चंदेरी साड़ी, बांस, बलुआ पत्थर और कपड़े की जैकेट जैसे आठ प्रमुख उत्पादों की निर्माण प्रक्रिया को कारीगरों ने लाइव प्रदर्शित किया। जीआईएस-भोपाल में आयोजन के दौरान विदेशी निवेशकों और उद्योगपतियों ने स्थानीय कारीगरों के हुनर को करीब से देखा और उनकी कार्यशैली को समझा। एक्सपो के 'कुम्हार पुरा' और 'टेक्निकल ज़ोन' के लाइव काउंटर भी प्रमुख आकर्षण का केंद्र बने रहे। ओडीओपी-एक्सपो में खाद्य, मसाले और फलों से जुड़े 38 जिला विशिष्ट उत्पादों को उनके निर्माण प्रक्रिया के साथ प्रदर्शित किया गया। इन उत्पादों की खरीद और निर्यात के अवसर भी उपलब्ध कराए गए। साथ ही, निवेशकों ने विशिष्ट उत्पादों के सेंपल लिए, जिससे भविष्य में व्यापारिक संबंध स्थापित होने की संभावना बढ़ी।

मध्यप्रदेश में ओडीओपी के तहत विभिन्न जिलों के पारंपरिक, वस्त्र और कृषि उत्पादों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

# राज्यसभा में खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** बजट सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को राज्यसभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के ठोकेंगे वाले बयान पर हंगामा हुआ।

दरअसल, डिप्टी चेयरमैन ने दिग्विजय सिंह को बोलने के लिए कहा, लेकिन खड़गे बीच में अपनी बात रखने लगे। इस पर डिप्टी चेयरमैन हरिवंश ने उन्हें टोका, कहा- आप सुबह बोल चुके हैं। इस पर खड़गे ने कहा- ये क्या डिक्टेटरशिप है। मैं हाथ जोड़कर आपसे बोलने की अनुमति मांग रहा हूं। इस पर हरिवंश ने कहा- अभी दिग्विजय सिंह के बोलने का मौका है, इसलिए आप बैठ जाइए।



इसके बाद खड़गे ने कहा- वो तो बोलेंगे ही, लेकिन आपको क्या-क्या ठोकना है हम ठीक से ठोकेंगे, सरकार को भी ठोकेंगे। जब हरिवंश ने खड़गे के बयान पर आपत्ति जताई तो उन्होंने कहा कि हम सरकार की नीतियों को ठोकने की बात कर रहे हैं। खड़गे के बयान पर केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा, नेता विपक्ष की ओर से आसन के लिए इस तरह की भाषा किसी भी रूप में स्वीकार नहीं है। उन्हें माफी मांगनी चाहिए।% उन्होंने उपसभापति हरिवंश से मांग करते हुए कहा कि ऐसे शब्दों को सदन की कार्यवाही से हटाया जाए। ऐसी भाषा निंदनीय है और माफी के योग्य भी नहीं है। इसके बाद खड़गे ने सदन में खड़े होकर कहा, मैंने आसन के लिए ऐसे शब्दों का इस्तेमाल नहीं किया। उन्होंने उपसभापति से कहा कि अगर आपको मेरी बातों से ठेस पहुंची है तो मैं इसके लिए माफी मांगता हूं। मैंने ठोको शब्द का इस्तेमाल सरकार की नीतियों के लिए किया है। मैं सरकार से माफी नहीं मांगूंगा।

# दिल्ली कोर्ट बोली- केजरीवाल पर एफआईआर दर्ज करो

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में एफआईआर के आदेश दिए हैं। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाने में जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया। केजरीवाल और दो अन्य नेताओं गुलाब सिंह और नितिका शर्मा पर स्नङ्घक्रकी मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को केस दर्ज करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने पुलिस से 18 मार्च तक मामले की स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। 6 साल पहले कोर्ट में लगाई गई याचिका 2019 में दिल्ली की एक अदालत में याचिका की गई थी। इसमें आरोप था कि अरविंद केजरीवाल, आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका से पार्षद नितिका शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। तब निचली अदालत ने याचिका खारिज कर एफआईआर की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। पिछले जनवरी, 2024 में डायरेक्टरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी ने भी आप से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए ब्याज सहित 163.62 करोड़ रुपए वापस करने को कहा था।

# मॉरीशस में मोदी ने राष्ट्रपति को महाकुंभ का गंगाजल दिया

**पोर्ट लुइस ( एजेंसी )।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिन के मॉरीशस दौरे पर हैं। ये उनकी राजकीय यात्रा है। उन्होंने मंगलवार दोपहर मॉरीशस के राष्ट्रपति धरम गोखूल से मुलाकात की। पीएम ने राष्ट्रपति धरम को गंगाजल और उनकी पत्नी को बनारसी साड़ी गिफ्ट दी।

इससे पहले पीएम मोदी मंगलवार सुबह करीब 8 बजे पोर्ट लुई एयरपोर्ट पर उतरे। यहां मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से रवाना होकर पीएम होटल पहुंचे। यहां भारतीय प्रवासियों ने भारत माता की जय के नारे



के साथ उनका स्वागत किया और तिरंगे लहराए। मोदी के स्वागत में मॉरीशस की महिलाओं ने पारंपरिक बिहारी 'गीत गवई' गाया। पीएम मोदी कल मॉरीशस के 57वें राष्ट्रीय दिवस समारोह में चीफ गेस्ट के तौर पर शामिल होंगे। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर स्वागत के लिए मॉरीशस के पीएम का आभार जताया।

# चुनाव आयोग ने सभी दलों को लिखा पत्र, इन मुद्दों पर 30 अप्रैल तक मांगे सुझाव

**नई दिल्ली।** भारतीय निर्वाचन आयोग ने देश के सभी राजनीतिक दलों को एक महत्वपूर्ण पत्र लिखा है। आयोग ने पत्र में सभी दलों से चुनावी प्रक्रिया को और सशक्त और पारदर्शी बनाने के लिए उनके सुझाव मांगे हैं।

आयोग का कहना है कि चुनावी प्रक्रिया को मजबूती देने के लिए यह कदम उठाया गया है ताकि लोकतंत्र को और अधिक सशक्त बनाया जा सके। इसके तहत चुनावी सुधारों पर विचार-विमर्श के लिए भारतीय निर्वाचन आयोग ने विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया है। आयोग ने यह भी कहा कि यह संवाद कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से होगा। आयोग का उद्देश्य है कि चुनाव में अधिक पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके ताकि सभी नागरिकों को एक साफ और उचित चुनाव प्रक्रिया का अनुभव हो सके। वहीं यह कदम भारतीय लोकतंत्र को और भी मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है जिससे राजनीतिक दलों और आम जनता के बीच विश्वास बढ़ सके।

# आतिशी ने भाजपा पर साधा निशाना, कहा- दिल्ली की महिलाएं कब मिलेगा सिलेंडर?

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली में पूर्व सीएम आतिशी ने बीजेपी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि अब तो होली आ गई है, दिल्ली की महिलाओं को फ्री सिलेंडर कब से मिलेगा? मंगलवार को हुए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि बीजेपी ने कई बड़े- बड़े वादे किए, जो कि अब सिर्फ जुमले साबित हो रहे हैं। आतिशी ने आगे कहा कि बीजेपी ने वादा किया कि 8 मार्च को दिल्ली की हर महिला के खाते में 2500 रुपये की किस्त आ जाएगी लेकिन अब तक इस



योजना का पंजीकरण नहीं हुआ। आतिशी ने कहा कि जब वादा पूरा नहीं हुआ तो भविष्य में मोदी सरकार की किसी भी गारंटी पर जनता कैसे भरोसा करेगी? आतिशी ने कहा कि पीएम ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि होली और दिवाली पर दिल्ली की हर महिला को एक सिलेंडर मुफ्त मिलेगा। महिलाएं इस वादे का इंतजार कर रही हैं, लेकिन होली का त्योहार आ चुका है और अभी तक सिलेंडर नहीं मिला है। वहीं आगे उन्होंने कहा कि, दिल्ली की महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी और दिल्ली सरकार से पूछ रही हैं कि तीन दिन बाकी हैं, उनका सिलेंडर कब आएगा? क्या यह वादा भी ढाई हजार रुपये की तरह सिर्फ एक जुमला साबित होगा?

# पटना मेट्रो के निर्माण में आई तेज़ी, मुख्यमंत्री ने किया टनल बोरिंग मशीन ब्रेकथ्रू का शुभारंभ



**पटना ( एजेंसी )।** बिहार की राजधानी पटना में मेट्रो रेल परियोजना के निर्माण कार्यों में तेजी आ गई है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को पटना रेलवे स्टेशन के पास टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ब्रेकथ्रू का बटन दबाकर शुभारंभ किया। इस मौके पर उन्होंने खुद भूमिगत मेट्रो लाइन के लिए कटिंग कर रही मशीन का अवलोकन किया और अधिकारियों को निर्देश दिया कि परियोजना के काम में किसी भी प्रकार की देरी न हो। मुख्यमंत्री को पटना मेट्रो परियोजना की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई। नगर विकास एवं आवास विभाग के सचिव अभय कुमार सिंह ने बताया कि पटना मेट्रो के कॉरिडोर 1 और 2 का काम तेजी से जारी है। मलाही पकड़ी से खेमनीचक, भूतनाथ रोड, जीरोमाइल और पाटलिपुत्र बस टर्मिनल तक कुल 6.01 किलोमीटर लंबी मेट्रो लाइन को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसे स्वतंत्रता दिवस, 15 अगस्त 2025 तक चालू करने की योजना है। परियोजना के तहत 21 नवंबर 2023 को गांधी मैदान स्टेशन से टनल बोरिंग मशीन के जरिए भूमिगत मेट्रो लाइन का काम शुरू हुआ था जो आकाशवाणी स्टेशन होते हुए अब पटना रेलवे स्टेशन तक पहुंच चुकी है। मुख्यमंत्री ने मौके पर पहुंचकर खुद निरीक्षण किया और अधिकारियों को तेजी से काम पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा, पटना मेट्रो का स्वरूप हमने बेहतरीन तरीके से तैयार कराया है। यह राजधानी की परिवहन व्यवस्था में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

# पंजाब पुलिस का किसानों के साथ टकराव





**गुरदासपुर ( एजेंसी )।** दिल्ली-कटरा एक्सप्रेसवे के लिए जमीन अधिग्रहण को लेकर पंजाब के गुरदासपुर में आज किसानों और पुलिस के बीच टकराव हो गया। इसमें 7 किसानों के घायल हो गए। पुलिस की मदद से जिला प्रशासन की टीम किसानों से जमीन खाली कराने पहुंची थी। इस दौरान पुलिस ने किसानों की खड़ी फसल पर मशीन चला दी, जिससे उनकी फसल बर्बाद हो गई। अपनी फसलों को बचाने के लिए आए किसानों की पुलिस के साथ धक्कामुक्की हुई।

बाद में पुलिस ने लाठीचार्ज कर किसानों को मौके से खदेड़ दिया। हालांकि, बाद में प्रशासन की टीम को लौटना पड़ा। किसानों का आरोप है सरकार से उन्हें जमीनों का उचित मुआवजा नहीं मिला है। इसलिए, वे अपनी जमीनों पर खेती कर रहे हैं। जबकि, जिला प्रशासन के अधिकारी कहते हैं कि किसानों को जमीनों का मुआवजा मिल गया है, तो ये जमीनें अब सरकार की हैं। इन पर किसानों को खेती का हक नहीं है। घटना के बाद किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बयान जारी कर कहा है कि गुरदासपुर के नंगल चौड़ और भरथ में किसानों को मुआवजा दिए बिना जमीन हथियाने की कोशिश की गई है। जब किसानों ने उसका विरोध किया तो पुलिस ने लाठीचार्ज किया गया, जिसमें 7 किसान जख्मी हो गए हैं। पंधेर ने कहा कि घायलों को अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। इनमें परमिंदर सिंह चीमा, अजायब सिंह, गुरमुख सिंह, हरजीत सिंह, अजीत सिंह, निशान सिंह भिट्?टेविड और अजीत सिंह शामिल हैं। किसान इस घटना के बाद बैठक कर रहे हैं। जल्द आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

# दिहाड़ी मजदूरों को नियमित न करने पर सुको की अधिकारियों को फटकार, आदेश का पालन न करने पर होगी सत सज़ा

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू कश्मीर के अधिकारियों की कड़ी आलोचना की और इसे हठधर्मिता का उदाहरण बताया, जब उन्होंने दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने के मामले में 2007 के हाईकोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों की निष्क्रियता चौंकाने वाली और अवमाननापूर्ण थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग में काम कर रहे 14 से 19 साल तक के दिहाड़ी मजदूरों को नियमित करने के लिए 2007 में हाईकोर्ट ने आदेश दिया था।



राज्य अधिकारी ने उस आदेश को नज़रअंदाज करते हुए उन्हें परेशान करने वाले आदेश जारी किए। कोर्ट ने कहा कि यह तानाशाही का स्पष्ट उदाहरण है, जिसमें अधिकारियों ने कानून की अवहेलना की। सुप्रीम कोर्ट ने 7 मार्च को दिए गए आदेश में कहा कि राज्य अधिकारियों का यह रवैया चौंकाने वाला था, क्योंकि 16 साल से अधिक समय बीत चुका था, लेकिन उन्होंने हाईकोर्ट के सरल आदेश का पालन नहीं किया। कोर्ट ने राज्य के अधिकारियों पर 25,000 रुपये के जुर्माने को उचित ठहराया और कहा कि इस पर हस्तक्षेप करने की कोई जरूरत नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही, यह भी कहा कि एकल न्यायाधीश ने सही कदम उठाते हुए दोषी अधिकारियों की गिरफ्तारी का आदेश दिया। हालांकि, कोर्ट ने वर्तमान में किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई से खुद को रोका, क्योंकि अवमानना की सुनवाई एकल न्यायाधीश के पास अभी भी चल रही है। यह मामला 2006 में दायर किया गया था, जब ग्रामीण विकास विभाग में काम कर रहे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों ने अपनी नौकरियों को नियमित करने के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, क्योंकि उन्होंने 14 से 19 वर्षों तक काम किया था।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया पैरा गेम्स 20 मार्च से शुरु होंगे

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** खेलो इंडिया पैरा खेल 20 से 27 मार्च तक नई दिल्ली में आयोजित किये जाएंगे। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि खेलो इंडिया पैरा गेम्स के इस दूसरे सत्र में इसमें करीब 1,230 पैरा एथलीट छह प्रतियोगिताओं में भाग लेंगे। इन खेलों में पेरिस पैरालिंपिक और हांग्जो एशियाई पैरा खेल 2022 के विजेता खिलाड़ी भी शामिल रहेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में 21 से 26 मार्च तक पैरा एथलेटिक्स, पैरा तीरंदाजी और पैरा पावरलिफ्टिंग जैसी खेल प्रतियोगिताएं होंगी । इंदिरा गांधी स्टेडियम परिसर में पैरा बैडमिंटन और पैरा टेबल टेनिस स्पर्धाओं को भी रखा जाएगा। वहीं निशाने बाजी के मुकाबले डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में 21 से 25 मार्च तक होंगे। खेलो इंडिया से उभरते हुए खिलाड़ियों को अपने खेल और प्रतिस्पर्धी कौशल को संवारने का अवसर मिलेगा। खेलो इंडिया पैरा गेम्स का पहला संस्करण दिसंबर 2023 में दिल्ली में आयोजित किया गया था। तब हरियाणा पहले जबकि उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे थे।

### सोने में तेजी के साथ कारोबार, चांदी के भाव में भी तेजी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** सोने और चांदी के वायदा कारोबार की शुरुआत में तेजी देखने को मिल रही है। मंगलवार दोनों के वायदा भाव तेजी के साथ खुले। मंगलवार को सोने के वायदा भाव 85,600 रुपये के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 96,800 रुपये के करीब कारोबार कर रहे थे। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव में सुस्त शुरुआत के बाद सुधार देखने को मिल रहा है। सोने के वायदा भाव की शुरुआत तेजी के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने का बेंचमार्क अप्रैल कॉन्ट्रेक्ट 184 रुपये की तेजी के साथ 85,603 रुपये के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 85,419 रुपये था। इस समय यह 214 रुपये की तेजी के साथ 85,633 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। चांदी के वायदा भाव की शुरुआत भी तेज रही। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च कॉन्ट्रेक्ट 281 रुपये की तेजी के साथ 96,746 रुपये पर खुला। पिछला बंद भाव 96,465 रुपये था। इस समय यह 324 रुपये की तेजी के साथ 96,789 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। वहीं वै?श्विक अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत नरमी के साथ हुई लेकिन बाद में इनके भाव सुधर गए। कॉमेक्स पर सोना 2,893.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला बंद भाव 2,899.40 डॉलर प्रति औंस था। इस समय यह 1.30 डॉलर की तेजी के साथ 2,900.70 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कॉमेक्स पर चांदी के वायदा भाव 32.46 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला बंद भाव 32.53 डॉलर था। इस समय यह 0.03 डॉलर की तेजी के साथ 32.56 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

# आईसीसी ओडीआई रैंकिंग में टीम इंडिया को बड़ा फायदा

### विराट-अय्यर को शानदार प्रदर्शन का मिला तोहफा



**नई दिल्ली एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बाद आईसीसी ने नई रैंकिंग जारी की है। फाइनल मुकाबले में भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराकर इतिहास रचा था। फाइनल में कप्तान रोहित ने 76 रनों की पारी खेली थी, लेकिन बल्लेबाजी रैंकिंग में उन्हें नुकसान हुआ है। दूसरी ओर विराट कोहली ने पूरे टूर्नामेंट 218 रन बनाए, जिसका उन्हें फायदा मिला है। टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी 2025 से पहले भी हृष्ठड्ढ रैंकिंग में पहले स्थान पर थी। उसके अब भी 122 ही अंक हैं और टीम इंडिया ने पहले स्थान को बरकरार रखा है। वनडे टीम रैंकिंग में दूसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के 110 अंक हैं, उससे भारत बहुत आगे है, वहीं पाकिस्तान अब भी तीसरे स्थान पर कायम है, जिसके 106 अंक हैं। चौथे और पांचवें स्थान पर क्रमश: न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका विराजमान हैं। वनडे की बल्लेबाजी रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा हुआ है। उन्होंने चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में कुल 218 रन बनाए, जिससे वो अब एक स्थान के फायदे के साथ चौथे नंबर पर आ गए हैं। रोहित शर्मा को दो स्थान पर नुकसान हुआ है और वो अब 5वें स्थान पर पहुंच गए हैं। रोहित इस टूर्नामेंट में 180 रन ही बना पाए। अच्छी बात ये है कि शुभमन गिल अब भी वनडे में दुनिया के टॉप बल्लेबाज बने हुए हैं। श्रेयस अय्यर भी एक स्थान के फायदे के साथ अब 8वें नंबर पर आ गए हैं। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में मोहम्म शमी और वरुण चक्रवर्ती ने घातक गेंदबाजी की और दोनों ने कुल मिलाकर 18 विकेट चटकाए। वनडे के टॉप-10 गेंदबाजों में सिर्फ एक भारतीय खिलाड़ी मौजूद है। कुलदीप यादव को तीन स्थान का नुकसान हुआ है, जिससे वो छठे पायदान पर आ गए हैं। शमी को तीन स्थान का फायदा हुआ और अब 11वें नंबर पर आ गए हैं। वरुण चक्रवर्ती ने सबसे लंबी छलांग लगाई है। वो 143 स्थान की छलांग लगाकर वनडे गेंदबाजों की रैंकिंग के टॉप-100 में शामिल हो गए हैं।

### पहले आरसीबी ने लॉन्च की अपनी नई जर्सी

**मुम्बई एजेंसी।** आईपीएल 2025 का आयोजन 22 मार्च से शुरू होने जा रहा है। सभी टीमों ने तैयारियां शुरू कर दी है। अब धीरे-धीरे चैंपियंस ट्रॉफी खेल रहे खिलाड़ी भी अपनी अपनी टीमों के साथ जुड़ने लगे हैं। विराट कोहली भी कुछ दिन में आरसीबी कैंप में शामिल होंगे। कप्तान रजत पाटीदार समेत अधिकतर खिलाड़ी आरसीबी कैंप में जुड़ गए हैं। इस बीच फ्रेंचाइजी ने अपनी नई जर्सी का अनावरण कर दिया है। साथ में ये भी बताया है कि फैंस आरसीबी की रेप्लिका जर्सी कब और कहां से खरीद सकते हैं। वहीं आरसीबी फैंस को ये नई जर्सी काफी भा रही है। बता दें कि, आरसीबी ने जर्सी 17 मार्च से पहले इसलिए लॉन्च की है क्योंकि आरसीबी का अनबॉक्स इवेंट 17 मार्च को होने वाला है। लेकिन उससे पहले आरसीबी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर बतायाकि ये रेप्लिका जर्सी 12 मार्चसे उपलब्ध होगी। फैंस आरसीबी की वेबसाइट और वेबसाइट और एप से इन्हें खरीद सकते हैं। इनकी कीमतें भी तभी जारी होगी। रजत पाटीदार की कप्तानी में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर अपने इस सीजन का सफर 22 मार्च से करेगी।

## सैंटनर बोले रोहित को लेकर दबाव में थे हमारे गेंदबाज




**दुबई ( एजेंसी )।** न्यूलीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सैंटनर ने भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा की जमकर प्रशंसा की है। सैंटनर ने कहा है कि रोहित कुछ अवसरों पर असफल हो सकते हैं पर उनका अंदाज ऐसा है कि वह बडे अवसरों पर निर्णायक साबित होते हैं। सैंटनर के अनुसार खिताबी मुकाबले में उनकी टीम के खिलाड़ी रोहित के खेलने के अंदाज से शुरुआत में ही दबाव में आ गये थे। फाइनल में रोहित की शानदार बल्लेबाजी से भारतीय टीम को अच्छी शुरुआत मिली। रोहित ने फाइनल में में 41 गेंदों पर ही अर्धशतक लगा दिया। उन्होने 76 रनों की पारी खेली। वह इस मैच में अलग अंदाज में बल्लेबाजी करते दिखे। रोहित ने सिर्फ अपना रवैय बदला और वह टीम के लिए बड़ी पारी खेलने में सफल हो गये। उन्होंने ये पारी तब खेली जब टीम को सबसे ज्यादा जरुतर थी। सैंटनर ने कहा कि उनका रवैया गेंदबाजों में डल पैदा करता है। वे स्वभाव से आक्रामक हैं और मुझे लगता है कि वह और शुभमन गिल अच्छी तरह से तालमेल बिठाते हैं। शुभमन गिल खराब गेंद का इंतजार करते हैं पर रोहित गेंदबाजों को उनती लेंथ से ही खेलकर खुश होते हैं। वो इंतजार नहीं करते और उनका डर हमारी टीम के गेंदबाजों में भी था। सैंटनर ने साथ ही कहा कि रोहित जिस तरह से खेलते हैं उसके बाद आप कुछ बार असफल हो सकते हैं लेकिन जैसा कि उन्होंने फाइनल में हमारे खिलाफ खिलाफ धीमी पिच पर खेला। वह दिखाता है कि अगर आप अपनी टीम को इस प्रकार से शुरुआत देते हैं तो फिर आप मैच में खुद को आगे रख सकते हैं। पावरप्ले के दौरान जिस प्रकार के आक्रामण उन्होंने किये उससे मैच हमारे हाथ से फिसलने लगा था।

## जिम्नी का नया अवतार सुजुकी जिम्नी बटोर रहा सुर्खियां

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** मारुति सुजुकी जिम्नी कार को जापान में भी लॉन्च किया गया, जहां इसे जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला। हालात ऐसे हो गए कि भारी डिमांड के कारण कंपनी को इसकी बुकिंग तक रोकनी पड़ी, लेकिन अब जिम्नी का नया अवतार सुजुकी जिम्नी 6गुणा4 सुर्खियां बटोर रहा है। ब्रिटेन स्थित मोजो फेब्रिकेशन ने सुजुकी जिम्नी के तीन-दरवाजे वाले अंतरराष्ट्रीय मॉडल को मॉडिफाई कर एक दमदार 6गुणा4 पिकअप ट्रक में तब्दील कर दिया है। इस खास वेरिएंट में तीसरा एक्सल जोड़ा गया है, जिससे यह पारंपरिक 4गुणा4 मॉडल से भी अधिक शक्तिशाली और स्टाइलिश बन गया है। इसके चेसिस और बॉडी को लंबा किया गया, साथ ही पिकअप बेड को इन-हाउस डिजाइन किया गया है। जिम्नी 6गुणा4 को ऑडी के प्रसिद्ध नार्डो ग्रे कलर में पेंट किया गया है, जिससे इसकी लुक और




भी शानदार लगती है। इंटीरियर में भी बदलाव किए गए हैं, जिसमें ब्लैक और ग्रे क्विल्टेड लेदर अपहोल्स्ट्री, और केनवुड इंफोटेनमेंट सिस्टम जोड़ा गया है, जो एप्पल कारप्ले सपोर्ट करता है। इस दमदार ऑफरोडर को पावर देने के लिए इसमें 1.5-लीटर के15बी नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन लगाया गया है, जो 101 हॉर्सपावर और 130 एनएम टॉर्क जनरेट करता है।

## हॉकी इंडिया 12 करोड़ रुपये के पुरस्कार बांटेगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अब भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ियों पर पैसा बरसेगा। हॉकी इंडिया ने अपने सातवें वार्षिक पुरस्कारों के लिए 12 करोड़ रुपये की पुरस्कार राशि देने की घोषणा की है। इसमें आठ श्रेणियों में 32 खिलाड़ियों को नामांकित किया गया है। वार्षिक पुरस्कार कार्यक्रम शनिवार को होगा। इसमें साल 2024 सत्र में अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों का सम्मान होगा। पुरस्कार समारोह में प्रतिष्ठित बलबीर सिंह सीनियर पुरस्कार साल के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को दिया जाएगा। ये सर्वश्रेष्ठ पुरुष और सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी को दिया जाएगा। इसके अलावा युवा खिलाड़ियों को भी पुरस्कार दिया जाएगा। जुगरात सिंह पुरस्कार वर्ष के उभरते हुए सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी जबकि असुंता लाकड़ा पुरस्कार वर्ष की उभरती हुई महिला खिलाड़ी को मिलेगा। इसके अलावा विभिन्न भूमिकाओं में व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए भी पुरस्कार दिए जाएंगे। इसमें वर्ष के सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए बलजीत सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए परगट सिंह पुरस्कार, वर्ष के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए अजीत पाल सिंह पुरस्कार और वर्ष के सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए धनराज पिल्ले पुरस्कार दिया जाएगा। इन खिलाड़ियों को मिलेगा पुरस्कार सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए हॉकी इंडिया बलजीत सिंह पुरस्कार-बिचू देवी खारीबाम, कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सविता सर्वश्रेष्ठ फारवर्ड के लिए हॉकी इंडिया धनराज पिल्लै पुरस्कार-लालरेम्सियामी, अभिषेक, सुखजीत सिंह, नवनीत कौर। सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर के लिए हॉकी इंडिया परगट सिंह पुरस्कार-संजय, अमित रोहिदास, हरमनप्रीत सिंह, उदिता। के सर्वश्रेष्ठ मिडफील्डर के लिए हॉकी इंडिया अजीत पाल सिंह पुरस्कार, जरमनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, नीलाकांता शर्मा, सुमित।

## आईपीएल नहीं खेलेंगे हैरी, प्रतिबंध का खतरा मंडराया

**लंदन ( एजेंसी )।** इंग्लैंड के क्रिकेटर हैरी ब्रूक ने 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल में नहीं नजर आयेंगे। हैरी आईपीएल से हट गये हैं जबकि दिल्ली कैपिटल्स ने गत वर्ष हुई निलामी में उन्हें सवा 6 करोड़ रुपयों में खरीदा था। हैरी को बिना किसी पर्याप्त कारण के खेलने से इंकार करने पर अगले दो सत्र के लिए प्रतिबंधित किया जा सकता है। हैरी ने कहा है कि वह राष्ट्रीय टीम की ओर से आगामी सीरीज की तैयारी में लगा हूं और इसके लिए तरोताजा होने मुझे समय चाहिये।

साथ ही कहा कि देश की ओर से खेलना मेरी पहली प्राथमिकता है। हैरी को नवंबर में हुई मेगा नीलामी में दिल्ली कैपिटल्स ने 6.25 करोड़ रुपये में खरीदा था। यह लगातार दूसरी बार है जब ब्रूक ने आईपीएल से अपना नाम वापस




लिया है और ऐसे में अब उन पर प्रतिबंध भी लगाया जा सकता है। आईपीएल द्वारा शुरू किए गए नए नियम के अनुसार, कोई भी खिलाड़ी जो प्लेयर ऑक्शन में खुद को रजिस्टर करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सीजन की शुरुआत से पहले अपने को उपलब्ध नहीं कराता है, उसे टूर्नामेंट और प्लेयर ऑक्शन में भाग लेने से 2 सीजन के लिए प्रतिबंधित कर दिया जाएगा। हालांकि खिलाड़ी चोट लगने या चिकित्सा कारणों से टूर्नामेंट से नाम वापस लेता है तो उसपर कोई प्रतिबंध नहीं लगेगा।

ब्रूक ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक बयान में कहा, यह इंग्लैंड क्रिकेट के लिए वास्तव में महत्वपूर्ण समय है और मैं आगामी सीरीज की तैयारी के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध होना चाहता हूं। ऐसा करने के लिए, मुझे अपने करियर के अब तक के सबसे व्यस्त दौर के बाद रिचार्ज करने के लिए समय चाहिए। मैं जानता हूं कि हर कोई इसे नहीं समझेगा और मैं उनसे इसकी उम्मीद भी नहीं करता पर मुझे वही करना है जो मुझे सही लगता है। अपने देश के लिए खेलना मेरी प्राथमिकता और फोकस बना रहेगा। गौरतब है कि पिछले सत्र में ब्रूक किसी करीबी की मृत्यु के कारण टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया था।

## दिल्ली कैपिटल्स नये कप्तान, कोच ओर मेंटोर के साथ उतरेगी

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली कैपिटल्स 22 मार्च से शुरु हो रहे आईपीएल 2025 में नये कप्तान केएल राहुल और नये को हेमंग बादानी के मार्गदशन में उतरेगी। वहीं इसके अलावा टीम ने इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन को मेंटर बनाया है। अब देखना है कि राहुल , बादानी और पीटरसन की तिकड़ी कितनी सफल होती है। राहुल पहले भी कप्तान रहें है, वहीं बादानी भी कोच रहे हैं पर पीटसरन पहले बार मेंटोर बने हैं। ऐसे में उनका लक्ष्य इस बार दिल्ली कैपिटल्स को खिताब जिताना रहेगा। अब देखना होगा कि वह कितने सफल होते हैं। यह पहली बार होगा जब पीटरसन किसी क्रिकेट टीम के साथ सहायक स्टाफ की भूमिका निभाएंगे। पीटरसन अब डीसी कोचिंग स्टाफ में मुख्य कोच हेमांग बदानी, क्रिकेट निदेशक वेणुगोपाल राव, गेंदबाजी कोच मुनाफ पटेल और सहायक कोच मैथ्यू मोट के साथ काम करेंगे। वह पहली बार किसी टीम से जुड़ हैं। इससे पहले व कमेंट्री करते रहे हैं। पीटरसन ने आईपीएल 2012 और 2014 में डीसी की ओर से खेला था। इसमें उन्होंने 305 और 294 रन बनाए थे। उन्होंने 17 मैचों में फ्रेंचाइजी की कप्तानी भी की थी। 200 टी20 खेलने वाले पीटरसन




के नाम पर 5,695 रन दर्ज है। उन्होंने आईपीएल में दिल्ली डेयरडेविल्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, सनराइजर्स हैदराबाद और पुणे फ्रेंचाइजी के लिए 36 मैच खेलकर साथ 1001 रन बनाये हैं। दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक पार्थ जिंदल ने कहा, पीटरसन आधुनिक समय के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में से एक थे, और उनका हमारी टीम में होना एक मूल्यवान जुड़ाव है। इससे पहले इस सप्ताह की शुरुआत में ही दिल्ली कैपिटल्स ने कोच मैथ्यू मॉट को अपने सहायक कोच के रूप में नियुक्त करने की भी घोषणा की।

## मिनी ट्रक सुपर कैरी को किया नए सेफ्टी फीचर्स के साथ अपडेट





**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** अपने पहले मिनी ट्रक सुपर कैरी को मारुति सुजुकी कंपनी ने नए सेफ्टी फीचर्स के साथ अपडेट किया है। सुपर कैरी में एंटी-लॉक ब्रेकिंग सिस्टम और इलेक्ट्रॉनिक ब्रेक-फोर्स डिस्ट्रीब्यूशन जैसे एडवांस फीचर्स जोड़े गए हैं, जो वाहन की स्टेबिलिटी बढ़ाते हैं और रोलओवर को रोकने में मदद करते हैं। अब यह इलेक्ट्रॉनिक स्टेबिलिटी प्रोग्राम सहित सात सुरक्षा फीचर्स से लैस है, जो ड्राइवर और कार्गो दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। इंजन ड्रैग कंट्रोल अचानक ब्रेकिंग के दौरान पहियों को फिसलने से बचाता है, जबकि ट्रैक्शन कंट्रोल सिस्टम फिसलन भरी सतहों पर बेहतर ग्रिप प्रदान करता है। इसके अलावा, हाइड्रॉलिक ब्रेक असिस्ट (एचबीए) आपातकालीन स्थितियों में ब्रेकिंग पावर बढ़ाता है। सुपर कैरी को 1.2-लीटर के-सीरीज डुअल जेट, डुअल वीवीटी इंजन और पांच-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ पेश किया गया है। यह मिनी ट्रक अब 270 शहरों में 370 से अधिक कमर्शियल आउटलेट्स पर उपलब्ध है। मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (मार्केटिंग और सेल्स) पार्थो बनर्जी ने कहा, हम सुरक्षित, मजबूत और कुशल वाहन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुपर कैरी में ईएसपी जैसी नई सुरक्षा तकनीक जोड़ना हमारे ग्राहकों की सुरक्षा और विश्वास को प्राथमिकता देने का प्रमाण है।

## अमेरिकी बाजारों में कमजोरी के चलते धीमी रही शेर बाजार की चाल

### सेंसेस 371 अंक टूटा, निटी 22,350 के स्तर पर

**मुंबई ( एजेंसी )।** अमेरिकी और एशियाई शेयर बाजारों में गिरावट की वजह से मंगलवार को भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत भी कमजोर रही। बीएसई सेंसेक्स 371 अंकों की गिरावट के साथ 73,744 पर खुला। एनएसई निफ्टी50 भी 100 अंक से ज्यादा टूटकर 22,346 पर कारोबार शुरू किया। इंडसइंड बैंक के शेयरों में 10 फीसदी तक की भारी गिरावट दर्ज की गई। सेसेंक्स के प्रमुख 30 शेयरों में से जोमेटो, टाटा स्टील, टेक महिंद्रा, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक और टीसीएस ने गिरावट के साथ कारोबार की शुरुआत की। पिछले कारोबारी सत्र में हल्की बढ़त के साथ सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, बाजार शुरुआती बढ़त बनाए रखने में नाकाम रहा और



गिरावट लेकर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 217.41 अंक गिरकर 74,115.17 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 92.20 अंक गिरकर 22,460.30 पर बंद हुआ। वहीं सोमवार को अमेरिकी शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। वॉल स्ट्रीट पर डाउ जोंस 900 अंक लुढ़का, एसएंडपी 500 में 3 फीसदी और नैस्डैक 4 फीसदी की गिरावट आई। सोमवार को टेक शेयरों पर आधारित नैस्डैक में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई। यह 4 फीसदी टूटकर लगभग छह महीने के निचले स्तर पर आ गया। गिरावट की वजह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ नीतियों को लेकर मंदी की आशंका बताई जा रही है। बेंचमार्क एसएंडपी 500 फरवरी के उच्च स्तर से अब तक 8 फीसदी से ज्यादा गिर चुका है। वहीं नैस्डैक पिछले हफ्ते करेक्शन जोन में पहुंच गया था, क्योंकि यह दिसंबर में बने अपने ऑल-टाइम हाई से 10 फीसदी से ज्यादा टूट चुका है। वहीं मंगलवार को एशियाई शेयर बाजार लगातार तीसरे दिन गिरावट के साथ खुले क्योंकि अमेरिकी बाजारों में गिरावट का असर यहां भी दिखा। आज शुरुआती कारोबार में अधिकांश इंडेक्स लाल निशान में रहे। ऑस्ट्रेलिया, जापान और दक्षिण कोरिया के शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। जापान का टॉपिक्स इंडेक्स 1.9% फीसदी गिरा और ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 इंडेक्स 1.3 फीसदी टूटा।

